वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2020

भाकृअनुप
ICAR

भाकृअनुप–राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे

ICAR-National Research Centre for Grapes, Pune

राअंअकें
NRCG



मुख्य पृष्ठ / Cover page:

मांजरी किशमिश, हाल ही में विमोचित किशमिश बनाने के लिए उपयुक्त अंगूर की किस्म

Manjari Kishmish, recently released grape variety suitable for raisin making

वार्षिक प्रतिवेदन
Annual Report
2020

भाकृअनुप – राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र

डाक पेटी सं 3, मांजरी फार्म डाक घर, सोलापुर मार्ग, पुणे – 412307

ICAR-NATIONAL RESEARCH CENTRE FOR GRAPES

P.B. No.3, Manjari Farm P.O., Solapur Road, Pune - 412307

सही उद्धरण / Correct Citation:

वार्षिक प्रतिवेदन 2020. भाकृअनुप–राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे. पृ.164.
Annual Report 2020. ICAR-National Research Centre for Grapes, Pune. Pp. 164.

संपादन / Edited by:

डॉ. रा.गु. सोमकुवर / Dr. R.G. Somkuwar
डॉ. अ.कु. उपाध्याय / Dr. A.K. Upadhyay
डॉ. अ.कु. शर्मा / Dr. A.K. Sharma
डॉ. दी.सिं. यादव / Dr. D.S. Yadav
डॉ. रोशनी रा. समर्थ / Dr. Roshni R. Samarth
डॉ. ध.न. गावंडे / Dr. D.N. Gawande

शब्द प्रक्रमण / Word Processing:

सुश्री शैलजा वि. साटम / Ms. Shailaja V. Satam

कवर डिज़ाइन / Cover Design:

डॉ. दी.सिं. यादव / Dr. D.S. Yadav
डॉ. अ.कु. उपाध्याय / Dr. A.K. Upadhyay

द्वारा प्रकाशित/ Published by:

निदेशक, भाकृअनुप–राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे – 412307.
Director, ICAR-National Research Centre for Grapes, Pune - 412307.

मुद्रण / Printed at:

एनसन एडवर्टाइजिंग एंड मार्केटिंग, पुणे–411009.
Anson Advertising & Marketing, Pune - 411009.

विषय सूची
Contents

प्रस्तावना	Preface	i
कार्यकारी सारांश	Executive Summary	iii
परिचय	Introduction	1
अनुसंधान उपलब्धियां	Research Achievements	11
सहयोगी, बाह्य वित्त पोषित, अनुबंध अनुसंधान और परामर्श परियोजनायें	Collaborative, Externally Funded, Contract Research and Consultancy Projects	67
उत्तर-पूर्व पर्वतीय और आदिवासी उप योजना कार्यक्रम	Programme for NEH and TSP	83
प्रौद्योगिकी आंकलन और स्थानांतरण	Technology Assessed and Transferred	87
प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण	Training and Capacity Building	105
अन्य हितधारकों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन	Training and Capacity Building Programmes Organized for Other Stakeholders	116
पुरस्कार एवं सम्मान	Awards and Recognitions	122
बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं सहित संयोजन और सहयोग	Linkages and Collaboration Including Externally Funded Projects	125
प्रकाशन	Publications	126
सार्थक निर्णयों के साथ क्यूआरटी, आरएसी, आईएमसी, आईआरसी की बैठकें	Meetings of QRT, RAC, IMC, IRC with Significant Decisions	131
परामर्श कार्य, पेटेंट और प्रौद्योगिकी का व्यवसायीकरण	Consultancy, Patents and Commercialisation of Technology	134
अनुमोदित अविरत संस्थान कार्यक्रम	Approved On-going Institute Programmes	137
आगन्तुक	Visitors	139
कार्मिक	Personnel	140
बुनियादी ढांचा विकास	Infrastructure Development	142
अन्य गतिविधियां	Other Activities	143
मौसम आंकड़े	Meteorological Data	156
लघुरुप	Abbreviations	157

प्रस्तावना
Preface

अंगूर एक महत्वपूर्ण फसल है जो वर्ष 2019-20 के दौरान 3125 हजार मीट्रिक टन अंगूर उत्पादन के साथ 1,40,000 हेक्टेयर क्षेत्र में उगाई जा रही है। महाराष्ट्र और कर्नाटक देश के प्रमुख अंगूर उत्पादक राज्य हैं। वर्ष 2020 के दौरान अंगूर का मौसम संतोषजनक रहा और उत्पादन में कोई बाधा नहीं देखी गई। पर कोरोना महामारी के कारण अंगूर निर्यात बुरी तरह प्रभावित हुआ था। मार्च, 2020 से लॉकडाउन लागू होने के पश्चात, खाने के उद्देश्य का एक तिहाई अंगूर अभी भी अंगूरबागों में था और अभी तक तोड़ा नहीं गया था। इस प्रकार, अकेले महाराष्ट्र में, लगभग 9 लाख टन अंगूर अंगूर के बागों में थे, इनमें से लगभग 4.0 से 4.5 लाख टन नासिक क्षेत्र में थे। निर्यातकों और उत्पादकों के अनुरोध पर, केंद्र ने महाराष्ट्र राज्य सरकार से निवेदन के माध्यम से परीक्षण प्रयोगशालाओं के काम को आवश्यक सेवा घोषित कर दिया और, इस प्रकार निर्यात फिर से शुरू हो गया। अंगूर के कुल 565 नमूनों का परीक्षण किया गया, जिससे यूरोपीय संघ को लगभग 1695 टन अंगूर के निर्यात की सुविधा हुई और कुछ कंटेनर रूस को भी निर्यात किए गए। घरेलू स्तर पर, पहले के प्रारंभिक अध्ययनों और अनुभवों के आधार पर, उत्पादकों को सलाह दी गई थी कि वे 'ड्राईंग ऑन वाइन' (डीओवी) विधि या पंक्तियों के बीच में ताजे अंगूरों को किशमिश में बदल दें। डीओवी और अंगूर की दो पंक्तियों के बीच अंगूर सुखाने का प्रोटोकॉल व्हाट्सएप ग्रुप, राअंअनुकें वेबसाइट और मोबाइल पर सलाह के माध्यम से प्रसारित किए गए थे। नासिक जिले में किशमिश बनाने के लिए कुल 3 लाख टन अंगूर का उपयोग किया गया था। उसमें से 25-30 हजार टन अंगूर को डीओवी पद्धति अपनाकर किशमिश में बदला गया।

इस केंद्र द्वारा विकसित किस्मों जैसेकि ''मांजरी मेडिका'' (जूस किस्म) और ''मांजरी श्यामा'' (काली बीजरहित अंगूर की किस्म) के प्रस्ताव को संयुक्त एग्रीस्को में प्रस्तुत और प्रदर्शित किया गया। दोनों किस्मों को उपयुक्त पाया गया और महाराष्ट्र में उत्पादन हेतु राज्य किस्म विमोचन समिति द्वारा जारी किया गया। मांजरी किशमिश किस्म का एक अन्य प्रस्ताव भी राज्य स्तर पर जारी करने के लिए प्रस्तुत किया गया।

Grape is an important fruit crop grown on an area of 1,40,000 ha with annual production of 3125 thousand MT during 2019-20. Maharashtra and Karnataka are major grape growing states in the country. During the year 2020, grape season was satisfactory and no production constraints were observed. However, due to corona pandemic, the grape export was affected badly. From March, 2020 onwards after the imposition of the lockdown, one third of the grapes for table purpose were still there in the vineyard and yet to be harvested. Thus, in Maharashtra alone, about 9 lakhs tonnes of grapes were in vineyards with about 4.0 to 4.5 lakhs tonnes in Nashik region. Upon request of the exporters and the growers, the Centre facilitated through the services of the Maharashtra state government and got the work of the testing laboratories declared as essential service, thus export was again started. A total of 565 samples of grapes were tested, thereby, facilitating the export of approximately 1695 tons of grapes to EU and a few containers were exported to Russia also. At domestic level, based on earlier preliminary studies and experiences, growers were advised to convert fresh grapes into raisins by using 'Drying on Vine' (DOV) method or raisin preparation in between the rows itself. Protocols for DOV and grape drying between two lines of vines were circulated through Whatsapp groups, NRCG website and advice on mobile. In Nashik district, about a total of 3 lakhs tons grapes were utilized for raisin making. Out of that 25-30 thousand tons of grapes are being converted into raisins by adopting DOV method.

The proposals of varieties developed by this Centre namely "Manjari Medika" (juice variety) and "Manjari Shyama" (black seedless table grape variety) were submitted and presented in joint AGRESCO. Both varieties were found suitable and released by State Variety Release Committee for cultivation in Maharashtra. Another proposal of variety "Manjari Kishmish" (raisin purpose) was also submitted for release at state level.

वर्ष के दौरान कुछ नई अनुसंधान गतिविधियां जैसे कि किस्म एवं मूलवृन्त आकलन, नैनोक्ले पॉलीमर कंपोजिट का संश्लेषण, चरित्रांकन, आकलन और जैव-संगतता, किस्म / जननद्रव्यों का प्रसंस्करण हेतु आकलन आदि शुरू की गईं। स्प्रे के लिए एक एंड्रॉइड आधारित ऐप डेल्टा टी कैलकुलेटर, विकसित किया गया और यह गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। एंड्रॉइड आधारित मोबाइल ऐप ''ग्रेप-एरिया उपयुक्तता'' को अद्यतन किया गया और यह 'गूगल प्ले स्टोर' पर अपलोड करने के लिए तैयार है।

यूरोपीय संघ को ताजे अंगूर के निर्यात के लिए अवशेष निगरानी योजना वर्ष 2020-21 में भी जा रही है। जैसा कि प्रथागत है, अंगूर निर्यात की सुविधा के लिए अनुबंध 5 और 9 को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है। केंद्र के तत्वावधान में कार्यरत राष्ट्रीय रेफरल प्रयोगशाला (एनआरएल) का महत्व निर्यात नमूनों में विफलता में कमी में परिलक्षित हुआ। एनआरएल को कीटनाशक अवशेषों और अफ्लाटॉक्सिन विश्लेषण के लिए एफएसएसएआई को राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला की मान्यता भी मिली है।

एनईएच और टीएसपी के कार्यक्रम के तहत, मिजोरम में दस उत्पादकों के अंगूर के बागों पर बैंगलोर ब्लू में एक समान कली स्फुटन हेतु हाइड्रोजन साइनामाइड काअनुप्रयोग, उर्वरक और पौध सुरक्षा के लिए केंद्र के कार्यक्रम का प्रक्षेत्र प्रदर्शन सफलतापूर्वक किया गया। एससीएसपी कार्यक्रम के तहत, चार गांवों के कुल 140 लाभार्थियों को उर्वरक और बीज आदि आगत की आपूर्ति की गई थी। केंद्र ने अच्छा काम किया और किसानों तक प्रौद्योगिकियों का प्रसार किया तथा उच्च प्रभाव पत्रिका में अच्छी मात्रा में शोध पत्र भी प्रकाशित किए।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि अंगूर उद्योग की समस्याओं को हल करने के लिए इस वर्ष के दौरान की गई प्रगति मुख्य रूप से इस केंद्र के तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारियों के द्वारा समर्थित समर्पित वैज्ञानिकों की टीम, के कारण थी। डॉ. त्री. महापात्र, सचिव डेयर और महानिदेशक, भाकृअनुप , डॉ. आ. कु. सिंह, उपमहानिदेशक, बागवानी विज्ञान, भाकृअनुप, डॉ. बी. के. पांडेय और डॉ विक्रमादित्य पांडेय, सहायक महानिदेशक, बागवानी विज्ञान, भाकृअनुप का मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन की वजह से हम ये प्राप्त कर सके। उत्पादकों की समस्याओं को हल करने में अंगूर उत्पादकों और उनके संगठनों, सरकारी विभागों और अन्य एजेंसियों का समय समय पर समर्थन के लिए मैं धन्यवाद देता हूं।

स्थान/Place: पुणे/Pune
दिनांक/Date: 31मई/May, 2021

During the year some new research activities like varietal and rootstock evaluation, synthesis, character -ization and evaluation of biocompatible nanoclay polymer composites, processability evaluation of varieties/genotypes, etc. were initiated. Delta T, calculator an Android App for sprays was developed and is available on Google Play Store. The android based Mobile App "Grape - Area Suitability" was updated and is ready for uploading on 'Google Play Store'.

Residue Monitoring Plan for export of table grapes to EU is being implemented also in 2020-21. As is customary, regular updating of Annexure 5 and 9 is being done to facilitate grape export. The importance of National Referral Laboratory (NRL) working under the aegis of the Centre was reflected in reduction of failure in export samples. NRL also has received the recognition of National Reference Laboratory of FSSAI for the pesticide residue and aflatoxin analysis.

Under the program of NEH and TSP, field demonstration of Centre's schedule on hydrogen cyanamide application for uniform bud sprouting, fertilizer and plant protection in Bangalore Blue was successfully carried out on ten growers' vineyards in Mizoram. Under SCSP programme, a total of 140 beneficiaries from four villages were supplied input like fertilizers and seeds, etc. Centre has done good work and disseminated the technologies to the farmers and also published good amount of research papers in high impact journal.

I strongly believe that progress made during this year to solve the problems of grape industry was mainly due to the team work of dedicated scientists of this Centre ably supported by technical and administrative staff. The guidance and constant encouragement from Dr. T. Mohapatra, Secretary DARE and DG, ICAR, Dr. A. K. Singh, DDG, Horticultural Sciences, ICAR, Dr. B. K. Pandey and Dr. Vikramaditya Pandey ADG's, Horticultural Sciences, ICAR could make us to achieve this. I am thankful to grape growers and their organizations, government departments and other agencies for their timely support in solving the growers' problems.

निदेशक/Director
रा.गु. सोमकुवर/R.G. Somkuwar

कार्यकारी सारांश
Executive Summary

भाकृअनुप–राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र, पुणे की स्थापना जनवरी 1997 में अंगूर उत्पादन एवं प्रसंस्करण से संबन्धित मुद्दों के समाधान के लिए मिशन उन्मुख अनुसंधान करने के लिए की गई थी।

आनुवंशिक संसाधन प्रबंधन और जैव प्रौद्योगिकी, उत्पादन प्रौद्योगिकियों, पादप स्वास्थ्य प्रबंधन और तुड़ाई उपरांत प्रौद्योगिकी एवं मूल्यवर्धन के व्यापक क्षेत्रों के तहत अनुसंधान किया जा रहा है। संस्थागत अनुसंधान कार्यक्रमों के अलावा, कई बाहरी वित्त पोषित परियोजनाएं भी प्रगति पर हैं। केंद्र अपने अधिदेश से संबंधित परामर्श सेवाएं और संविदात्मक शोध भी करता है। वर्ष 2020 के दौरान की गई शोध उपलब्धियों को नीचे संक्षेप में दिया गया है:

अंगूर का संरक्षण, निरूपण और उपयोग

वर्तमान में, केंद्र में स्थित राष्ट्रीय सक्रिय जर्मप्लाज्म साइट – अंगूर में 481 प्रविष्टियां उपलब्ध हैं। इनमें से 275 प्रविष्टियों का आकलन किया गया और गुच्छा और मणि लक्षणों में व्यापक भिन्नता पाई गई। धुले से सात प्रविष्टियाँ संकलित की गईं।

अंगूर का आनुवंशिक सुधार

मिल्ड्यू प्रजनन कार्यक्रम दूसरे चरण में है जिसके अंतर्गत होनहार संकरों का क्षेत्र आकलन एवं डाउनी और पाउडरी मिल्ड्यू प्रतिरोधकता क्यूटीएल के पिरामिडिंग पर अनुसंधान किया जा रहा है। ताजे अंगूर उद्देश्य के लिए कुल 10 एफ1 संकरों की पहचान की गई और इनमें डाउनी मिल्ड्यू के प्रति प्रतिरोध भी दिखा। किशमिश के लिए चुने गए 9 रंगीन संकरों में से छह संकर चैक किस्म (ब्लैक मोनुक्का) से बेहतर थे।

स्वाभाविक रूप से ढीले गुच्छों और बड़ी मणि के प्रजनन में, 29 संकरों का प्रक्षेत्र रोपण किया गया। कुल 89 एफ1 संकर प्रक्षेत्र में स्थापित गए है। रैड ग्लोब के खुले परागित बीजों में संतति विकास दर को बढ़ाने के लिए, बीजों के स्थिति विशिष्ट

ICAR-National Research Centre for Grapes, Pune was established in January 1997 to undertake mission oriented research to address the issues related to grape production and processing in India.

Research is being carried out under broad areas of genetic resource management and biotechnology, production technologies, plant health management and postharvest technology and value addition. Besides institutional research programs, several externally funded projects are also in progress. The Centre also undertakes consultancy services and contractual researches related to its mandate. The research achievements made during the year 2020 are summarized below:

Conservation, characterization and utilization of grape

Currently, there are 481 accessions available in National Active Germplasm Site – Grapes located at the Centre. Out of these, 275 accessions were evaluated and found to have wide variation in bunch and berry traits. Seven accessions were collected from Dhule in Maharashtra.

Genetic improvement of grape

The mildew breeding programme is in Phase-II where field evaluation of promising hybrids and pyramiding of QTLs for downy and powdery mildew resistance is in progress. Total 10 F1 hybrids were identified for table purpose and these also showed resistance to downy mildew. Among 9 coloured hybrids selected for raisin purpose, six hybrids were superior over check variety (Black Monukka).

In breeding for naturally loose bunches and bold berries, 29 hybrids were planted in the field. Presently 89 F1 hybrids are established in the field. To enhance the progeny development rate in open pollinated

यांत्रिक विच्छेदन के बाद 7.4 माइक्रोमो आईबीए, 3.99 माइक्रोमो बीए और 2.0 मिक्रोमो जीए3 से पूरित एमएस मीडिया में संरोपण फलस्वरूप 52% भ्रूण पुनर्जीवित हुए और पौधों का अगेती विकास हुआ।

रंगीन अंगूरों के प्रजनन में, विभिन्न संयोजनों में कुल 552 क्रॉस बनाए गए। बीजरहित जनक क़िस्मों में *इन विट्रो* डिंब संरोपण के प्रयास किए गए। क्रिमसन सीडलैस और फैंटासी सीडलैस में डिंब का प्रभावी विकास तब देखा गया जब भ्रूण पात से पूर्व विरेजन अवस्था पर डिंब का नमूना लिया गया और विभिन्न माध्यमों पर संरोपित किया गया।

मूलवृंत प्रजनन कार्यक्रम में, यह देखा गया कि डॉगरिज तथा साल्ट क्रीक प्रकृति में उभयलिंगी हैं लेकिन मादा की तरह व्यवहार करते हैं। मूलवृन्तों की संकर आबादी तैयार करने और विभिन्नता लाने के लिए कुल 204 क्रॉस बनाए गए थे।

गुच्छ रचना संबंधी लक्षणों की क्यूटीएल मैपिंग पर अनुसंधान तेज किया गया। 110 जननद्रव्य प्रविष्टियों (एसोसिएशन मैपिंग के लिए) और कैरोलिना ब्लैक रोज x थॉमसन सीडलैस की संततियों (क्यूटीएल मैपिंग के लिए) पर 13 लक्षणों हेतु बाह्यरूपीय आंकड़े दर्ज किए। बाह्यरूपीय आंकडों के बीएलयूपी विश्लेषण ने विभिन्न लक्षणों के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले जीनप्रारूपों की पहचान की। अंगूर के 136 अंगूर जीनप्रारूपों और 106 संकरों के जीनोटाइपिंग बाई सिक्वेन्सिंग विश्लेषण से बड़ी संख्या में एसएनपी की पहचान की गई । संकर आबादी में, ज्ञात एसएनपी की संख्या 184898 से 571443 के बीच थी और औसतन 366533 एसएनपी पाए गए । जनन द्रव्य प्रविष्टियों में, एसएनपी की संख्या 321170 से 593744 तक थी और औसत 443312 एसएनपी थे । इस आंकड़े का उपयोग एसोसिएशन मैपिंग और लिंकेज मैपिंग विश्लेषण द्वारा क्यूटीएल की पहचान के लिए किया जाएगा।

डीयूएस कार्यक्रम के तहत वर्ष 2020 के दौरान एक उम्मीदवार अंगूर किस्म दनाका (शुरुआत में नया सोनाका नाम दिया गया था) पीपीवीएफआरए के साथ पंजीकृत की गई (पंजीकरण संख्या: 164/2020)। तीन उम्मीदवार किस्मों आरा-15, मांजरी किशमिश और मांजरी नवीन का ऑन-साइट डीयूएस परीक्षण का कार्य प्रगति पर है।

अंगूर में गुणवत्ता, उत्पादकता और स्थिरता बढ़ाने के लिए उत्पादन प्रौद्योगिकियों का विकास और शोधन

मूलवृन्त आकलन परीक्षण में, 110आर पर कलमित थॉमसन

seeds of Red Globe, position specific mechanical dissection of the seeds combined with MS media supplemented with 7.4µM IBA, 3.99µM BA and 2.0µM GA_3, led to 52% embryos regeneration followed by early plant development.

In breeding for coloured grapes, a total of 552 crosses were made in different combinations. Attempts were made for *in vitro* ovule culture for seedless parents. Effective ovule development in Crimson Seedless and Fantasy Seedless was observed when ovules were sampled prior to embryo abortion at veraison stage and inoculated on different media.

In rootstock breeding programme, it was observed that Dogridge and Salt Creek are bisexual in nature but behaved like female. A total of 204 crosses were made to generate segregating population for creating variability.

Research on QTL mapping of bunch architecture related traits was intensified. Phenotyping data for 13 traits was recorded on 110 germplasm accessions (for association mapping) and hybrids of Carolina Blackrose x Thompson Seedless (for QTL mapping). The BLUP analysis of phenotyping data identified the best performing genotypes for different traits. Genotyping by sequencing of 136 grape genotypes and 106 hybrids identified a large number of SNPs. In hybrid population, the number of detected SNPs varied from 184898 to 571443 with an average of 366533 SNPs. Among the germplasm accessions, the number of detected SNPs varied 321170 to 593744 with an average of 443312 SNPs. This data will be used for the identification of QTLs using association mapping and linkage mapping approaches.

One candidate grape variety DANAKA (initially named new Sonaka) was registered with PPVFRA during the year 2020 (Registration No.: 164/2020) under DUS programme. On-site DUS testing of three candidate varieties viz. ARRA-15, Manjari Kishmish and Manjari Naveen is in progress.

Development and refinement of production technologies for enhancing quality, productivity and sustainability in grape

In the rootstock evaluation trial, varieties i.e. Thompson Seedless, Nanasaheb Purple Seedless,

सीडलैस, नानासाहेब पर्पल सीडलैस, क्रिमसन सीडलैस, मांजरी नवीन, मांजरी मेडिका और मांजरी किशमिश क़िस्मों में अन्य मूलवृन्तों की तुलना में अधिक फलदायी केन थे। मूलवृन्तों में अन्य मापदंडों जैसे शूट लंबाई, शूट व्यास और प्रति बेल केन संख्या, के लिए विशिष्ट प्रवृत्ति नहीं देखी गई।

संश्लेषित जैवअनुकूल नैनोक्ले पॉलीमर कंपोजिट का चरित्रांकन किया गया था। एफटीआईआर पैटर्न ने क्ले और पॉलिमर में मौजूद कार्यात्मक समूहों के बीच पारस्परिकता को दिखाया, जबकि एसईएम में क्ले प्लेटलेट को पॉलिमर गैलरी के भीतर बिखरा हुआ देखा गया। कण आकार विश्लेषण ने पुष्टि की कि संश्लेषित उत्पाद नैनो रेंज में थे। जब पोमेस को फिलर के रूप में इस्तेमाल किया गया तब आयरन (लोडिंग 5.3%) और संचयी आयरन रिकवरी आयरन–ईडीटीए के साथ उच्चतम थी, जबकि जिंक में, पोमेस + क्ले को फिलर्स के रूप में इस्तेमाल करने पर जिंक–ईडीटीए के साथ अधिकतम (6.25%) रिकवरी थी।

थॉमसन सीडलैस में आधारीय छंटाई मौसम के दौरान 500 पीपीएम और 1000 पीपीएम की दर से सीसीसी के अनुप्रयोग से शूट लंबाई, आसंधि दूरी न्यूनतम और केन व्यास अधिकतम प्राप्त हुए।

एंड्रॉइड आधारित मोबाइल ऐप ''ग्रेप–एरिया उपयुक्तता'' को अपडेट किया गया था और यह 'गूगल प्ले स्टोर' पर अपलोड करने के लिए तैयार है। मध्य प्रदेश के मृदा उपयुक्तता मानचित्र का मसौदा भाकृअनुप–रामृसभूउनिब्यू , नागपुर के सहयोग से तैयार किया गया है।

अंगूर में एकीकृत सुरक्षा प्रौद्योगिकियों का विकास और शोधन

केंद्र में विकसित जैव–गहन रोग प्रबंधन मॉड्यूल लगातार चौथे मौसम में अंगूर के सभी बागों को कवर करने के लिए कार्यान्वित किया गया। सभी अंगूर बागों में रोग की घटनाओं और कवकनाशी के उपयोग में काफी कमी आई। यह मॉड्यूल 2020–21 फलन मौसम के दौरान नारायणगांव के 12 प्रक्षेत्रों में तथा 2019–20 से नासिक में पांच प्रक्षेत्रों में लागू किया गया। जैव–कर्मकों, जैसे, *ट्राइकोडर्मा, बैसिलस, स्यूडोमोनास, लेकेनिसिलियम, मेटाराइज़ियम, हिर्सुटेला* और *बिवेरिया* का निवारक की तरह मृदा और पत्तियों पर अनुप्रयोग किया गया। नारायणगांव में अनुपचारित भूखंडों की तुलना में उपचारित भूखंडों में समग्र रोग घटना सार्थक रूप से कम थी। नासिक में, सभी पांच भूखंडों से तोड़े गए अंगूरों ने अवशेष सीमा का

Crimson Seedless, Manjari Naveen, Manjari Medika and Manjari Kishmish raised on 110R had higher fruitful canes as compared to other rootstocks. The other parameters like shoot length, shoot diameter and number of canes per vine did not follow any specific trend among the rootstocks.

The synthesised biocompatible nanoclay polymer composites were characterised. The FTIR pattern showed interactions among functional groups present in clays and polymers whereas SEM showed clay platelet were completely dispersed within the polymer galleries. Particle size analysis confirmed that the synthesized products were in nano range. Per cent Iron loading (5.3%) and cumulative iron recovery was highest with Fe-EDTA when pomace was used as filler whereas in Zinc, recovery was maximum (6.25%) with Zn-EDTA when pomace + clay were used as fillers.

Application of CCC @ 500 ppm and 1000 ppm during foundation pruning season resulted in the least shoot length, internodal distance and higher cane diameter in Thompson Seedless.

The android based Mobile App "Grape - Area Suitability" was updated and is ready for uploading on 'Google Play Store'. A draft of soil suitability map of Madhya Pradesh was developed in association with ICAR-NBSS&LUP, Nagpur.

Development and refinement of integrated protection technologies in grape

A bio-intensive disease management module was developed and implemented at the Centre to cover all vineyards for 4th consecutive season. Disease incidences and fungicide use were significantly reduced in all vineyards. The module is being implemented at 12 out-station fields at Narayangaon during grape fruiting season 2020-21 and five out station locations in Nasik during 2019-20. Bio-agents, viz., *Trichoderma, Bacillus, Pseudomonas, Lecanicillium, Metarhizium, Hirsutella* and *Beauveria* have been included as preventive in soil and foliar applications. Overall disease incidence was significantly low in treated plots as compared to untreated plots in Narayangaon. At Nasik, grapes from all the five plots were residue compliant at

अनुपालन किया। किसान कृषिक्रिया भूखंड की तुलना में जैव गहन भूखंड में कीट और रोग की घटनाएं कम थीं।

उन्नीस कवकनाशियों के साथ *ट्राइकोडर्मा एस्पेरेलोइड्स, एम्पेलोमाइसेस क्विस्क्वेलिस, बैसिलस सबटिलिस* और *बैसिलस लिचेनिफॉर्मिस* जैसे जैवनियंत्रक कर्मकों का संगतता परीक्षण किया गया। ट्राईज़ोल कवकनाशी ने *ट्राइकोडर्मा एस्पेरेलोइड्स* और *बैसिलस सबटिलिस* की वृद्धि को काफी बाधित किया। अंगूर लताओं की पत्तियों से दस कवक और 11 बैक्टीरियल एंडोफाइट्स का प्रथक्कीकरण किया गया और इनका जैवरासायनिक और आणविक चित्रांकन किया जा रहा है। इनका जैवनियंत्रक कर्मकों के रूप में आंकलन भी किया जाएगा।

नासिक के एक अंगूर बाग में तना छेदक *डी. कदम्बी* के संक्रमण पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि 60% संक्रमित अंगूरलताओं की जड़ में संक्रमण था। अंगूर बागों में छिड़काव के लिए उपयुक्त परिस्थितियों का आकलन करने में उत्पादकों की मदद करने हेतु मोबाइल एप्लिकेशन डेल्टा टी कैलकुलेटर विकसित किया गया।

अंगूर प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन हेतु तुड़ाई पूर्व तथा पश्चात की प्रौद्योगिकियों का विकास

किशमिश बनाने के लिए उपयुक्त काली किस्म की पहचान करने के लिए आठ रंगीन क़िस्मों का आकलन किया गया। सरिता सीडलैस में अधिकतम (23.75%) किशमिश रिकवरी दर्ज की गई, जबकि नानासाहेब पर्पल सीडलैस में न्यूनतम 16.46% की रिकवरी दर्ज की। अन्य किस्मों की तुलना में ब्लैक चंपा, ब्लैक चैंपियन और कॉन्वेंट लार्ज ब्लैक में शुष्कन तीव्र था।

मांजरी मेडिका पोमेस से तैयार अंगूर बीज खली में पॉलीफिनोल प्रोफाइल समृद्ध था। पॉलीफिनोल के विभिन्न वर्गों से संबंधित छब्बीस यौगिकों की अस्थायी रूप से पहचान की गई थी, जिनके पोषण संबंधी लाभों के साथ जैव सक्रियता होने की संभावना है। अंगूर त्वचा के पाउडर की एक अनुकूलित मात्रा के साथ स्पाइकिंग करके अंगूर कुकीज़ और अंगूर मफिन केक तैयार किए गए थे। समृद्ध उत्पादों में खाद्य रेशा और कार्बोहाइड्रेट की बढ़ी मात्रा पाई गई।

काइटोसन–आधारित एंथोसायनिन नैनोकणों को आयनिक जिलेसन विधि द्वारा संश्लेषित किया गया। एफटीआईआर स्पेक्ट्रम से काइटोसन नैनो–संरचनाओं के साथ एंथोसायनिन बंधन की पुष्टि हुई।

harvest. Pests and disease incidences were low in bio-intensive plot as compared to farmer practice plot.

A compatibility trial of biocontrol agents like *Trichoderma asperelloides*, *Ampelomyces quisqualis, Bacillus subtilis* and *Bacillus licheniformis* with nineteen fungicides was conducted. The growth of *Trichoderma asperelloides* and *Bacillus subtilis* was considerably inhibited by Triazole fungicides. Ten fungal and 11 bacterial isolates from grapevine leaves have been isolated and being purified for biochemical and molecular characterisation as endophytes from grapevines. They will also be evaluated as biocontrol agent.

The study carried out on infestation of stem borer *D. cadambae* in a vineyard at Nashik showed 60% of the infested grapevine had root infestation. Mobile application Delta T calculator was developed to help growers to evaluate conditions suitable for spraying in grape vineyards.

Development of pre and post-harvest technologies for processing of grapes and value addition

Eight coloured varieties were evaluated to identify suitable black variety for raisin making. The maximum raisin recovery of 23.75 % was recorded in Sarita Seedless while Nanasaheb Purple Seedless recorded minimum recovery of 16.46 %. Drying was faster in Black Champa, Black Champion and Convent Large Black compared to other varieties.

Grape seed cake from pomace of Manjari Medika had rich polyphenol profile. Twenty six compounds belonging to diverse classes of polyphenols were tentatively identified that are likely to have bioactivities with nutritional benefits. Grape cookies and grape muffin cake were prepared by spiking with an optimised amount of grape skin powder. The fortified products offered an enhanced value of dietary fibre and carbohydrate.

Chitosan-based anthocyanin nanoparticles were synthesized by the ionic gelation method. The FTIR spectrum confirms Anthocyanin bonding with chitosan nano-structures.

अंगूर और उसके प्रसंस्कृत उत्पादों में खाद्य सुरक्षा

ईयू–एमआरएल के संबंध में अंगूर में हेक्जाकोनाज़ोल + कार्बण्डाजिम, पाइराक्लोस्ट्रोबिन, क्लोथियानीडिन, क्रेक्सोजिम मिथाइल + मेंकोजेब, स्पाइरोटेट्रीमैट और स्पाइरोटेट्रीमैट + इमिडाक्लोप्रिड के तुड़ाई पूर्व अंतराल (पीएचआई) क्रमशः 60, 45, 60, 66, 30 और 30 दिन थे। अध्ययनों से अनार में किस्म–विशिष्ट मैट्रिक्स–मिलान अंशांकन ग्राफ के आधार पर कीटनाशक अवशेषों की मात्रा निर्धारित करने के महत्व का पता चला है।

असत्य सकारात्मक और असत्य नकारात्मक परिणामों की पहचान तथा आइसोमेरिक एवं आइसोबैरिक कीटनाशकों में अंतर हेतु तंबाकू में कीटनाशकों के बहु–वर्ग, बहु–अवशेष विश्लेषण के लिए एक गैर–लक्षित स्क्रीनिंग विधि विकसित की गई। फलों, सब्जियों और अनाजों में कैप्टान (+ इसके मेटाबोलाइट, टेट्राहाइड्रोथैलिमाइड), कैप्टाफोल, फोलपेट (+थैलिमाइड) और ईप्रोडायोन के अवशेषों के निर्धारण के लिए एक बेहतर एलसी–एमएस/एमएस विधि विकसित की गई। विधि ने इन यौगिकों और गैर–विशिष्ट द्रव्यमान स्पेक्ट्रा की समस्या को हल किया जो ये यौगिक आमतौर पर जीसी–एमएस विश्लेषण, जिसमें इलेक्ट्रॉन आयनीकरण होता है, पर उत्पन्न होते हैं। एलसी–एमएस/एमएस का उपयोग करते हुए खाद्य मैट्रिसेस की एक विस्तृत श्रृंखला में इसके मेटाबोलाइट्स सहित इंडाज़ीफ्लैम के अवशेषों के विश्लेषण हेतु एक तीव्र विधि विकसित की गई। जीसी–एमएस/एमएस और एलसी–एमएस/एमएस द्वारा सहजन की फलियों में बहु–वर्ग कीटनाशकों के एक साथ विश्लेषण हेतु एक बहु–अवशेष विधि विकसित और मान्य की गई थी। बहु–श्रेणी कीटनाशकों और अक्सर इस्तेमाल की जाने वाली पशु चिकित्सा दवाओं के एक साथ विश्लेषण के लिए एलसी–एमएस/एमएस और जीसी–एमएस/एमएस का उपयोग करते हुए एक बहु–अवशेष विधि को अनुकूलित किया गया।

यूरोपीय संघ को ताजे अंगूर के निर्यात हेतु अवशेष निगरानी योजना 2020–21 में भी लागू रही। सीआईबीआरसी के साथ लेबल दावे वाले 67 कीटनाशकों (अनुलग्नक 5) की एक सूची की सिफारिश की गई। अंगूर के विभिन्न निर्यात बाजारों जैसे कि यूरोप, चीन, रूस, जीसीसी तथा इन्डोनेशिया के लिए निगरानी किए जाने वाले 267 कृषि रसायनों (+ उनके मेटाबोलाइट्स और विषैले महत्व के आइसोमर) की सूची तैयार की गई। संस्थान ने अपनी राष्ट्रीय सम्प्रेषण प्रयोगशाला के माध्यम से अपनी नामित प्रयोगशालाओं के लिए अंगूर और मूंगफली के

Food safety in grapes and its processed products

The pre-harvest intervals (PHI) of Hexaconazole + Carbendazim, Pyraclostrobin, Clothianidin, Kresoxim methyl + Mancozeb, Spirotetramat and Spirotetramat + Imidacloprid were 60, 45, 60, 66, 30 and 30 days respectively with respect to corresponding EU-MRLs in grape. Studies have revealed the importance to quantify the pesticide residues based on variety-specific matrix-matched calibration graphs in pomegranate.

A non-target screening method was developed for multiclass, multiresidue analysis of pesticides in tobacco for identification of false positives and false negatives and for differentiation of isomeric and isobaric pesticides. An improved LC-MS/MS method is developed for the determination of the residues of captan (+ its metabolite, tetrahydro-phthalimide), captafol, folpet (+ phthalimide) and iprodione in fruits, vegetables and cereals. The method resolved the problem in degradation of these compounds and non-specific mass spectra that these compounds usually produce on GC-MS analysis involving electron ionisation. A rapid method for the residue analysis of Indaziflam including its metabolites, in a wide range of food matrices using LC-MS/MS was developed. A multiresidue method for simultaneous analysis of multi-class pesticides in moringa pods by GC-MS/MS and LC-MS/MS was developed and validated. A multiresidue method using LC-MS/MS and GC–MS/MS for the simultaneous analysis of multi-class pesticides and a number of frequently used veterinary drugs was optimised.

Residue Monitoring Plan for export of table grapes to EU is being implemented also in 2020-21. A list of 67 pesticides (Annexure 5), with label claim with CIB & RC was recommended. List of 267 agrochemicals (+ their metabolites and isomers of toxicological significance) to be monitored for different export markets viz. Europe, China, Russia, GCC and Indonesia were prepared for table grapes. The institute through its National Referral Laboratory conducted proficiency testing for grapes

लिए दक्षता परीक्षण किया और उनके प्रदर्शन की निगरानी की। 2019–20 में विश्लेषण किए गए 12999 अंगूर के नमूनों में से 5.13% नमूने यूरोपीय संघ के दिशानिर्देशों का पालन करने में विफल रहे और उनका निर्यात नहीं किया जा सका। भाकृअनुप –राअंअनुकें के एनआरएल को कीटनाशक अवशेषों और एफ्लाटॉक्सिन विश्लेषण के लिए एफएसएसएआई की राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है।

अन्य

पश्चिम बंगाल के बांकुरा जिले में अंगूर की वाणिज्यिक बीजरहित किस्मों की खेती पर परियोजना का यह चौथा वर्ष था। थॉमसन सीडलैस, फैंटासी सीडलैस, मांजरी मेडिका, मांजरी नवीन और मांजरी श्यामा किस्मों को सफलतापूर्वक क्षेत्र में स्थापित किया जा चुका है। थॉमसन सीडलैस, मांजरी नवीन और फैंटासी सीडलैस डाइबैक रोग के प्रति अतिसंवेदनशील थीं, जिसके कारण अधिकांश केन मर गए। हालांकि, मांजरी मेडिका डाइबैक रोग के प्रति अपेक्षाकृत सहनशील थी। मांजरी मेडिका में औसतन 19 किलो प्रति लता की उपज प्राप्त हुई।

चमन चरण– II परीक्षण में, सर्वेक्षण और महाराष्ट्र सरकार के आधार पर अनुमानित उपज के आंकड़ों की तुलना की गई और सोलापुर को छोड़कर जहां यह राज्य के अनुमान से 36.86% अधिक था, अन्य जिलों में, यह –4.66% से 0.73% तक भिन्न था।

संस्थान में एक कृषि–व्यवसाय उद्भवन केंद्र स्थापित किया गया। केंद्र ने कई छात्रों को भाकृअनुप –राअंअनु केंद्र में उपलब्ध प्रौद्योगिकियों और सेवाओं से परिचित कराया और उन्हें एबीआई केंद्र में शामिल होने के लिए आकर्षित करने हेतु सूचित किया।

एनईएच, टीएसपी और एससीएसपी

एनईएच और टीएसपी कार्यक्रम के तहत, चम्पाई में दस उत्पादकों के अंगूर बागों में बैंगलोर ब्लू में एकसमान स्फुटन के लिए हाइड्रोजन साइनामाइड अनुप्रयोग, उर्वरक और पादप सुरक्षा पर केंद्र की अनुसूची का प्रक्षेत्र प्रदर्शन किया गया। हाइड्रोजन साइनामाइड अनुप्रयोग वाले बागों में एक समान और जल्दी स्फुटन के साथ–साथ अच्छे गुच्छों का बनना भी देखा गया। बढ़ी हुई उपज के साथ समान आकार और बड़ी मणि भी देखी गईं थीं। केंद्र के पैकेज को लागू करने के बाद, प्रदर्शन भूखंड के किसानों ने अन्य किसानों की तुलना में औसतन

and peanut for its nominated laboratories and monitored their performance. Out of 12999 grape samples analysed in 2019-20, 5.13 % of the samples failed to comply with the EU guidelines and could not be exported. NRL of ICAR-NRCG has received the recognition of National Reference Laboratory of FSSAI for the pesticide residue and aflatoxin analysis.

Others

This was the fourth year of the project for cultivation of commercial seedless varieties of grapes in Bankura District, West Bengal. The varieties Thompson Seedless, Fantasy Seedless, Manjari Medika, Manjari Naveen and Manjari Shyama were successfully established in the field. Thompson Seedless, Manjari Naveen and Fantasy Seedless were susceptible to dieback, which led to death of majority of the canes. However, Manjari Medika was relatively tolerant against dieback disease. On an average yield of 19 kg/vine was harvested in Manjari Medika.

In the CHAMAN Phase-II trial, the estimated yield based upon survey and the Maharashtra Govt. yield data was compared and except for Solapur where it differed by 36.86% over state estimate, in other districts, it varied from -4.66% to 0.73%.

An Agri-business Incubation Centre was established at the institute. The Centre updated many students to introduce technologies and services available at ICAR–NRC for Grapes and attract them to join ABI centre.

NEH, TSP and SCSP

Under NEH and TSP programme, field demonstration of Centre's schedule on hydrogen cyanamide application for uniform sprouting, fertilizer and plant protection in Bangalore Blue was carried out on ten growers' vineyards at Champhai. Uniform and early bud sprout as well as bunch emergence was observed in hydrogen cyanamide applied vineyards. Even sized and bold berries with increased yield were also observed. Following, Centre's package on an average, farmers of demonstration plot earned Rs 87051/- per care over other farmers. One training

87051 रुपये/एकड़ आय अर्जित की। बागवानी विभाग, मिज़ोरम सरकार के सहयोग से एनईएच योजना के तहत चम्पाई में 5 फरवरी, 2020 को अंगूर उत्पादकों हेतु 'अंगूर में पोषक तत्व, कीट और वितान प्रबंधन' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में लगभग 100 अंगूर उत्पादकों ने भाग लिया।

एससीएसपी कार्यक्रम के तहत, चार गांवों अर्थात जालना जिले में नंदापुर, कडवांची और तंदुलवाड़ी और अहमदनगर में रंजनखोल के कुल 140 लाभार्थी कवर किए गया। लाभार्थियों को सब्जियों, गेहूं और प्याज के बीज के साथ–साथ कीटनाशक, उर्वरक और स्प्रेयर वितरित किए गए।

कोविड19 लॉकडाउन के दौरान केंद्र की पहल

अंगूर निर्यात की सुविधा के लिए, केंद्र ने आवश्यक सेवाओं के तहत कीटनाशक अवशेष परीक्षण को शामिल करने की सुविधा प्रदान की और कुछ प्रयोगशालाओं को किसानों और निर्यातकों के अवशेष परीक्षण में सहायता प्रदान करने के लिए राज़ी किया। लगभग 1695 टन अंगूर यूरोपीय संघ को निर्यात किए गए थे। अंगूर के कुछ कंटेनर रूस भी भेजे गए थे।

लॉकडाउन के बाद, लगभग 9 लाख टन अंगूर महाराष्ट्र राज्य के अंगूर के बागों में थे, अकेले नासिक में लगभग 4.0 से 4.5 लाख टन थे और कोई श्रमिक सहायता नहीं थी। उत्पादकों को सलाह दी गई कि वे 'ड्राईंग ऑन वाइन' (डीओवी) पद्धति का उपयोग करके ताजे अंगूरों को किशमिश में परिवर्तित करें। डीओवी और अंगूर की दो पंक्तियों के बीच अंगूर सुखाने के लिए प्रोटोकॉल व्हाट्सएप ग्रुप, राअंअनुकें वेबसाइट और मोबाइल पर सलाह के माध्यम से प्रसारित किए गए थे। नासिक जिले में किशमिश बनाने के लिए कुल 3 लाख टन अंगूर का उपयोग किया गया था। उसमें से 25–30 हजार टन अंगूर को डीओवी पद्धति अपनाकर किशमिश में बदला गया है।

संस्थान ने आधारीय छंटाई के दौरान अंगूर लताओं के प्रबंधन के लिए सलाह विकसित की और मराद्राबासं (महाराष्ट्र अंगूर उत्पादक संघ) और व्हाट्सएप के माध्यम से भी प्रसारित किया। इसके साथ ही यू–ट्यूब वीडियो तैयार कर संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड किए गए और उत्पादकों के बीच प्रसारित किए गए।

गुणवत्ता रोपण सामग्री का उत्पादन

जनवरी से दिसंबर 2020 तक मूलवृंत और व्यवसायिक किस्मों की 31692 कलम अंगूर उत्पादकों, सरकारी एजेंसी और

programme on "Nutrient, pests and canopy management in grape' was organized for grape growers on 5th February, 2020 at Champhai under NEH Scheme in collaboration with Department of Horticulture, Govt. of Mizoram. About 100 grape growers participated in the program.

Under SCSP programme, a total of 140 beneficiaries from four villages viz. Nandapur, Kadwanchi and Tandulwadi in district Jalna and Ranjankhol in Ahmednagar were covered. Seeds of vegetables, wheat and onion as well as pesticides, fertilizers and sprayers were distributed to the beneficiaries.

Centre's initiatives during COVID19 lockdown

To facilitate the grape export, the Centre facilitated inclusion of pesticide residue testing under essential services and convinced few laboratories, to provide residue testing support to farmers and exporters. Approximately 1695 tonnes of grapes were exported to EU. A few containers of grapes were also sent to Russia.

After lockdown, about 9 lakhs tonnes of grapes were in vineyards of Maharashtra state, with about 4.0 to 4.5 lakhs tonnes in Nashik alone and no labour support. Growers were advised to convert fresh grapes into raisins by using 'Drying on Vine' (DOV) method. Protocols for DOV and grape drying between two lines of vines were circulated through Whatsapp groups, NRCG website and advice on mobile. In Nashik district, about a total of 3 lakhs tons grapes were utilized for raisin making. Out of that, 25-30 thousand tons of grapes were converted into raisins by adopting DOV method.

The institute developed advisory for managing vineyard during foundation pruning season and circulated through MRDBS (Maharashtra State Grape Growers Association) and also through WhatsApp. Along with this, YouTube videos were prepared and uploaded on institute website and also circulated amongst growers.

Production of quality planting material

During January – December 2020, a total of 31692 rooted cuttings of rootstocks and scion varieties were distributed to grape growers, government

अनुसंधान संस्थानों को बांटी गई। यह रोपण सामग्री महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मिजोरम, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, जम्मू और कश्मीर आदि राज्यों को भेजी गई।

प्रौद्योगिकी हस्तांतरण

विमोचित की गई किस्मों, मांजरी मेडिका और मांजरी श्यामा को प्रदर्शित करने के लिए अंगूर उत्पादकों के लिए 12 फरवरी, 2020 को एक अंगूर दिवस का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में कुल 225 किसानों ने भाग लिया। केंद्र ने महाराष्ट्र राज्य द्राक्ष बागाईतदार संघ (मराद्राबासं) के सहयोग से 6 मार्च 2020 को इंदापुर के पास वडापुरी में अंगूर दिवस का भी आयोजन किया। अंगूर दिवस में लगभग 250 किसानों ने भाग लिया। केंद्र ने उत्पादक के खेत में मांजरी मेडिका दिवस का भी आयोजन किया जहां यह किस्म लगी हुई थी। कार्यक्रम में लगभग 80 किसानों ने भाग लिया।

17 फरवरी 2020 को रतलाम में बागवानी कॉलेज, आरवीएसकेवीवी, मंदसौर, मध्य प्रदेश के सहयोग से किसान के खेत में एक 'प्रक्षेत्र दिवस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 70 किसानों ने भाग लिया।

सेंडेक्ट भाकृअनुप–कृविकें, कामाचीपुरम और कोका–कोला इंडिया प्राइवेट लिमिटेड–नई दिल्ली तथा पेएग्री, थेनी ने संयुक्त रूप से अंगूर किसानों, वैज्ञानिकों और छात्रों के लिए ''अंगूर की खेती में उपज और आय स्तर बढ़ाने के लिए अच्छे कृषि अभ्यास'' पर उन्नति–ग्रेप्स के तहत राष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठी का आयोजन 28 नवंबर 2020 को सेंडेक्ट भाकृअनुप–कृविकें, कामाचीपुरम में किया। इस संगोष्ठी में 250 से अधिक प्रगतिशील अंगूर किसानों ने भाग लिया। केंद्र के वैज्ञानिकों अर्थात् डॉ. रा.गु. सोमकुवर (निदेशक), डॉ. अ.कु. उपाध्याय, डॉ अ.कु. शर्मा और डॉ. दी.सिं. यादव ने अपने संबन्धित विषयों पर सम्बोधन दिया।

उत्पादकों द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान के लिए केंद्र के निदेशक और वैज्ञानिकों द्वारा कई क्षेत्रों का दौरा किया गया। केंद्र ने किसान मेले में भाग लिया।

प्रसार के विभिन्न माध्यमों के माध्यम जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम, क्षेत्र का दौरा, अंगूर उत्पादकों / संघों की संगोष्ठियों में भाग, वेब सलाहकार (50), रेडियो वार्ता, संस्थान में उनके साथ आमने–सामने बातचीत और किसानों के कोने के तहत संस्थान

agencies and research institutes. This planting material was distributed in Maharashtra, Karnataka, Uttar Pradesh, Haryana, Rajasthan, Mizoram, Himachal Pradesh, West Bengal, Madhya Pradesh, Jammu and Kashmir, etc.

Transfer of technology

A Grape day was organised on 12th February, 2020 to showcase the released varieties namely, Manjari Medika and Manjari Shyama to the grape growers. A total of 225 farmers participated in the programme. The Centre in collaboration with Maharashtra Rajya Draksha Bagaitdar Sangh (MRDBS) also organized Grape Day at Vadapuri near Indapur on 6th March 2020. About 250 farmers participated in the Grape Day. The Centre also organised Manjari Medika day in the grower's field where the variety was planted. Approximately 80 farmers attended the program.

A 'Field Day' in farmer's field was organized on 17th February 2020 at Ratlam in collaboration with College of Horticulture, RVSKVV, Mandsaur, Madhya Pradesh. A total of 70 farmers attended the programme.

CENDECT ICAR KVK-Kamatchipuram and Coca-Cola India Pvt Ltd-New Delhi and PayAgri, Theni jointly organized National level Seminar for grape farmers, scientists and students on "Good Agricultural Practices in Grape farming to increase yield and income level" under UNNATI-GRAPES on 28th November 2020 at CENDECT ICAR KVK, Kamatchipuram. More than 250 progressive grape farmers participated in this seminar. The scientists from the Centre namely Dr. R.G. Somkuwar (Director), Dr A. K. Upadhyay, Dr. A. K. Sharma and Dr. D. S. Yadav delivered lectures on their respective subjects.

Several field visits were taken up by the Director and scientists of the Centre to address the problems reported by growers. The Centre participated in Kisan mela.

Information on various aspects of grape cultivation including postharvest technology was made available to several stakeholders of grape industry through various means of dissemination such as training programs, field visit, participating in grape

की वेबसाइट पर जानकारी प्रदर्शित करना, द्वारा अंगूर की खेती के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी अंगूर उद्योग के कई हितधारकों को उपलब्ध कराई गई। उत्पादकों के लाभ के लिए 377 उपयोगकर्ताओं को मांजरी एसएमएस सेवा दी जा रही है।

महाराष्ट्र (214), कर्नाटक (133), गुजरात (40), मध्य प्रदेश (436) के लगभग 823 किसानों ने केंद्र में विकसित अंगूर की खेती और प्रौद्योगिकियों के बारे में जानने के लिए जनवरी–दिसंबर 2020 के दौरान केंद्र का भ्रमण किया। विभिन्न राज्यों के कुल 715 छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण पर केंद्र का दौरा किया। विभिन्न स्थानों पर किसान प्रक्षेत्र में जल उपयोग दक्षता और शून्य कीटनाशक अवशेष अंगूर के उत्पादन पर प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया गया। किसानों को कुल 67 मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।

मानव संसाधन विकास

नौ वैज्ञानिक, एक तकनीकी और पांच प्रशासनिक कर्मचारियों को उनके विशेषज्ञता के क्षेत्र में कौशल अद्यतन करने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित किया गया था।

राजस्व आय

प्रशिक्षण, परामर्श, अनुबंध अनुसंधान और सेवाओं, रोपण सामग्री और कृषि उपज की बिक्री के माध्यम से रुपये 53.70 लाख का राजस्व उत्पन्न किया गया था।

growers/association's seminars, web advisory (50), radio talks, one-to-one interactions with them at the institute and also displaying the information on the Institute's website under farmer's corner. Manjari SMS service for the benefit of the growers is being carried out with 377 users.

About 823 farmers from Maharashtra (214), Karnataka (133), Gujarat (40), Madhya Pradesh (436) visited the Centre during January-December 2020 to know about viticulture and technologies developed at the Centre. A total of 715 students from different states visited the Centre on educational tour. Demonstration of technology on water use efficiency and production of zero pesticide residue grapes was held in farmer's field at different locations. A total of 67 soil health cards were distributed to the farmers.

Human resource development

Nine scientists, one technical and five administrative staff were nominated to different training programmes for updating skill in their field of specialization.

Revenue generation

Revenue of Rs. 53.70 lakhs was generated through training, consultancy, contract research and services, sale of planting material and farm produce.

***

परिचय
Introduction

अपनी स्थापना के चौबीस वर्षों में, भाकृअनुप–राष्ट्रीय अंगूर अनुसंधान केंद्र ने देश के अंगूर उत्पादकों के सामने आने वाली समस्याओं को हल करने के लिए मिशन उन्मुख अनुसंधान करने के लिए तकनीकी विशेषज्ञता और अत्याधुनिक उपकरण हासिल किए हैं। 18 वैज्ञानिकों की छोटी टीम अंगूर की खेती और वाइन के सभी पहलुओं पर शोध में लगी हुई है। प्रक्षेत्र में एक अंगूर जीन बैंक स्थापित किया गया है जिसमें भारत और विदेशों से संग्रहित 481 संग्रह शामिल हैं। जननद्रव्य को प्ररूपी और आणविक लक्षणों के आधार पर चित्रित किया गया और जननद्रव्य की एक सूची तैयार की गई थी। प्रत्यक्ष व्यावसायिक उपयोग के लिए या मौजूदा किस्मों के सुधार के लिए कई वांछनीय लक्षणों के लिए जननद्रव्य का आंकलन भी किया गया। अंगूर के जननद्रव्य के संकलन हेतु जम्मू और कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अन्वेषण किए गए। छोटे पैमाने पर प्रजनन गतिविधियों ने दो संकर नामित मांजरी मेडिका, फ्लेम सीडलैस और पूसा नवरंग के बीच का एक क्रॉस, उत्कृष्ट रंग और गुणों के रस के साथ और ताजे अंगूर उद्देश्य के लिए मांजरी श्यामा, ब्लैक चंपा और थॉमसन सीडलैस के बीच एक क्रॉस। विमोचित संकरों/चयनों अर्थात मांजरी मेडिका, मांजरी श्यामा, मांजरी किशमिश का बहुस्थानीय मूल्यांकन किसानों के खेत में और राष्ट्रीय स्तर पर विमोचन हेतु एआईसीआरपी के तहत आंकड़ा तैयार करने के लिए किया गया। एक अन्य महत्वपूर्ण चल रहे प्रजनन कार्यक्रम में थॉमसन सीडलैस में डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोध का अनुक्रमण और डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधी संततों की पहचान हेतु आणविक मार्कर विकसित करना है। इस प्रजनन कार्यक्रम से ताजे उद्देश्य के लिए 10 संकर प्राप्त हुए हैं जो डाउनी मिल्ड्यू प्रतिरोधी हैं और इन संकरों का बड़े पैमाने पर आंकलन हेतु प्रवर्धन किया जा रहा है।

ताजे अंगूर उद्देश्य के अलावा, प्रसंस्करण के लिए उपयुक्त संकरों की भी पहचान की गई है और उनका आंकलन किया जा रहा है। बड़ी मणि के साथ स्वाभाविक रूप से ढीले गुच्छों तथा रंगीन

In the twenty-four years of its establishment, the ICAR-National Research Centre for Grapes has acquired the technical expertise and state of art equipment to undertake mission oriented research to resolve the problems faced by the grape growers of the country. The small team of 18 scientists is involved in research on all aspects of viticulture and enology. A grape gene bank in field comprising 481 collections from India and abroad has been established. The germplasm was characterized based on phenotypic and molecular characters and a catalogue of germplasm was prepared. The germplasm was also evaluated for many desirable traits for direct commercial use or for improvement of existing cultivars. Explorations were carried out in Jammu and Kashmir, Ladakh and Himachal Pradesh to collect grape germplasm. Breeding activities on a small scale have given two hybrids namely Manjari Medika, a cross between Flame Seedless and Pusa Navrang with excellent juice colour and qualities and Manjari Shyama, a cross between Black Champa and Thompson Seedless, for table purpose. Multilocational evaluation of released hybrids/ selections viz. Manjari Medika, Manjari Shyama, Manjari Kishmish is taken up in farmers' field and under AICRP to generate data for their release at national level. Another important ongoing breeding program is introgression of downy mildew resistance in Thompson Seedless and development of molecular markers for identifying downy mildew resistant progenies. This breeding programme has yielded 10 hybrids for table purpose which are resistant to downy mildew and these hybrids have been multiplied for large scale evaluation.

Besides table purpose, hybrids suitable for processing have also been identified and are being evaluated. Breeding to develop naturally loose bunches with

अंगूरों को विकसित करने के लिए प्रजनन भी प्रगति पर है और अच्छी संख्या में संकर उगाए गए हैं। पिछले वर्ष से मूलवृन्त प्रजनन कार्यक्रम भी प्रगति पर है।

i. To study the effect of plastic cover and irrigation levels on grapevine growth, disease & pest incidence and yield

ii. To study the performance of grapevines under plastic cover at two locations in farmer's field with different climatic regimes

Based on the preliminary studies conducted during 2014-15, five treatments were finalised. Three treatments under plastic cover were imposed and compared with hailnet and vines under open conditions. Based on the results obtained during 2016-17, the treatment 60% of recommended irrigation schedule under plastic cover was deleted and subsequently, there were four treatments for next two years. The treatment details are given in Table 18. The experiment was initiated in 2016 on 8

तालिका 18. ट्रीटमेंट विवरण

Table 18. Treatment details

Tr. No.	Treatment details
टी1 T1	प्लास्टिक कवर के तहत अनुशंसित सिंचाई अनुसूची Recommended irrigation schedule under plastic cover
टी2 T2	प्लास्टिक कवर के तहत अनुशंसित सिंचाई अनुसूची का 80 फीसदी 80 per cent of recommended irrigation schedule under plastic cover
टी3 T3	ओला जाल के तहत अनुशंसित सिंचाई अनुसूची Recommended irrigation schedule under hailnet
टी4 T4	खुली परिस्थितियों में अनुशंसित सिंचाई अनुसूची Recommended irrigation schedule under open conditions

है। इस प्रयोग को 2016 में 8 साल पुरानी 110आर मूलवृंत पर उगी थॉमसन सीडलैस लताओं पर शुरू किया गया था।

परियोजना की मुख्य उपलब्धियाँ हैं:

1. ट्रीटमेंटों के बीच उपज में सार्थक अंतर देखे गये। प्लास्टिक के तहत लताओं में खुले और ओला जाल में उगी लताओं की तुलना में उपज काफी अधिक थी।
2. प्लास्टिक आवरण के मुकाबले खुली परिस्थितियों के तहत मणियों में शर्करा संचय (°बी) तेज था। खुली परिस्थितियों की तुलना में प्लास्टिक आवरण के तहत गुच्छों की तुड़ाई में 8–11 दिन की देरी हुई।
3. शैल्फ लाइफ के अध्ययनों से पता चला है कि खुली परिस्थितियों के गुच्छों ने 7 दिनों के भंडारण पर 5% शारीरिक वजन हानि हुई थी जबकि, अनुशंसित सिंचाई स्तर पर प्लास्टिक और ओलाजाल आवरण के तहत अंगूरलताओं के गुच्छों का 10 वें दिन भी 5% से कम थी। इससे पता चलता है कि प्लास्टिक आवरण और ओलाजाल के तहत उगी लताओं के गुच्छों की शेल्फ लाइफ, खुली परिस्थितियों से बेहतर थी। यह बाजार से बेहतर वापसी में परिलक्षित होगा क्योंकि आवरण में उगाए गए अंगूर बेहतर ताजगी के साथ दूर के बाजार में पहंचाये जा सकेंगे।
4. पर्ण क्षेत्र सूचकांक जो विभिन्न ट्रीटमेंटों के तहत लताओं के कुल वितान कवरेज को दर्शाता है, दोनों छंटाई मौसमों के दौरान प्लास्टिक आवरण और ओलाजाल आवरण के तहत खुली परिस्थितियों की अपेक्षा सार्थक रूप से अधिक था।
5. प्लास्टिक आवरण के तहत थॉमसन सीडलैस लताओं ने वृद्धि, उपज और उपज संबंधित मापदंडों के संदर्भ में ओलाजाल से ढकी हुई तथा खुली लताओं की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया।
6. शुरुआती बारिश के बावजूद, प्लास्टिक आवरण के तहत अंगूरलताओं पर डाउनी मिल्ड्यू नहीं देखा गया था। खुली और ओलाजाल से ढकी लताओं में अधिक डाउनी मिल्ड्यू था, जिसके परिणामस्वरूप उपज का अधिक नुकसान और रोग प्रबंधन में अधिक लागत लगी।
7. फलत छंटाई मौसम के दौरान प्लास्टिक आवरण के नीचे उगी लताओं को खुली या ओलाजाल आवरण के तहत लताओं की तुलना में 20% कम सिंचाई जल की आवश्यकता हुई।
8. प्लास्टिक आवरण के तहत उच्च पाउडरी मिल्ड्यू की अधिक व्यापकता देखी गईं, जबकि चूसक कीटों की घटनायें प्लास्टिक आवरण के तहत कम थीं।

year old Thompson Seedless vines raised on 110R rootstock.

The salient achievements of the project are:

1. Significant yield differences were observed among the treatments. The vines under plastic had significantly higher yield in comparison to vines raised in the open and hailnet.
2. Sugar accumulation in berries (°B) was faster under open conditions than under plastic cover. Bunch harvesting was delayed by 8-11 days under plastic cover than open conditions.
3. The shelf life studies showed that bunches from open conditions attained 5% physiological loss of weight at 7th day of storage whereas bunches from vines under plastic and hailnet cover at recommended irrigation level had PLW of less than 5% even on 10th day. This shows that the shelf life of bunches collected from vines under plastic cover and hailnet is better than open conditions. It will reflect in better returns from market as grapes grown under cover can be transported to distant market with better freshness.
4. The leaf area index which denotes the total canopy coverage of the vines under various treatments was significantly higher under both plastic cover and hailnet covers over open conditions during both the pruning seasons.
5. Thompson Seedless vines under plastic cover performed better in comparison to open and hailnet covered vines in terms of growth, yield and yield related parameters.
6. Inspite of early rains, downy mildew incidence was not observed on the vines under plastic cover. Open and hailnet covered vines had more downy mildew incidences which led to higher yield losses and more input for disease management.
7. The vines grown under plastic cover requires 20% less irrigation water as compared to vines under open or hailnet coverage during fruit pruning season.
8. Higher powdery mildew incidences were observed under plastic cover whereas sucking pests' incidences were lower under plastic cover.

IV. अंगूर में एकीकृत संरक्षण तकनीकों का विकास और शोधन
IV. Development and Refinement of Integrated Protection Technologies in Grape

अंगूर के एंडोफाइटिक कवक और जीवाणुओं की पहचान और चरित्रांकन एवं भारत में अंगूर के प्रमुख रोगजनकों के विरुद्ध एक जैव नियंत्रण कर्मक के रूप में उनका मूल्यांकन

इस परियोजना को अक्टूबर, 2020 में शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य अंगूरलताओं से एंडोफाइटिक कवक और जीवाणुओं को अलग करना और उनका पता लगाना था। दस किस्मों, अर्थात कैबर्ने सौवीनों, सौवीनों ब्लाँ, सिराज, थॉमसन सीडलैस, क्रिमसन सीडलैस, रैड ग्लोब, मांजरी मेडिका, मांजरी श्यामा, मांजरी नवीन और मस्केडाइन अंगूर (*विटिस रोटंडिफोलिया*) की नई पत्तियों को संस्थान के प्रायोगिक खेत से एकत्र किया गया। पत्ती के नमूनों का प्रसंस्करण किया गया और पत्ती के डिस्क को काट कर ठोस आलू डेक्सट्रोज अगर (पीडीए) मीडियम प्लेट पर संरोपित किया गया।

जैविक ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) ऊष्मानियंत्रक में ऊष्मायन @ 28 डिग्री से. के 7 दिनों के बाद, जीवाणुओं और कवक को देखा गया। कवक और जीवाणु पृथ्थक क्रमशः अलग पीडीए और पोषक तत्व अगर (एनए) मीडिया प्लेटों पर उप–संवर्धित किए गए।

दस कवक कालोनियों के सूक्ष्म निरीक्षणों ने *एस्परजीलस* स्पी. (चित्र 15ए), *क्लैडोस्पोरियम* स्पी. (चित्र 15बी), *कर्वुलरिया* स्पी. (चित्र 15सी) और *अल्टरनेरिया* स्पी. (चित्र 15डी) के अनुरूप बीजाणुओं की उपस्थिति का पता चला।

Identification and characterization of fungal and bacterial endophytes from grapevines and their evaluation as a biocontrol agent against major pathogens of grapevines in India.

The project was initiated in October, 2020 with the objective to isolate and detect endophytic fungi and bacteria from grapevines. Young leaves were collected from ten varieties viz., Cabernet Sauvignon, Sauvignon Blanc, Shiraz, Thompson Seedless, Crimson Seedless, Red Globe, Manjari Medika, Manjari Shyama, Manjari Naveen and Muscadine grape (*Vitis rotundifolia*) from institute's experimental farm. The leaf samples were processed and leaf discs were cut and inoculated on solidified potato dextrose agar (PDA) medium plate.

After 7 days of incubation @ 28°C in biological oxygen demand (BOD) incubator, the bacterial and fungal colonies were observed. These were sub-cultured on separate PDA and nutrient agar (NA) media plates, respectively.

The microscopic observations of ten fungal colonies revealed the presence of spores corresponding to *Aspergillus* sp. (Fig. 15A), *Cladosporium* sp. (Fig. 15B), *Curvularia* sp. (Fig. 15C), and *Alternaria* sp. (Fig. 15D).



(A) (B) (C) (D)

चित्र 15. अंगूर की पत्तियों में मौजूद कवक प्रजातियां
Fig. 15. Fungal species present in the grapevine leaves

इसी तरह, 11 एंडोफाइटिक जीवाणु उपभेदों के लिए ग्राम स्टेनिंग प्रदर्शन किया गया था जहाँ 9 बैंगनी रंग के बैसिलीफॉर्म बैक्टीरिया देखे गए थे (चित्र 16ए) और दो गुलाबी रंग के थे (चित्र 16बी)।

Similarly, Gram staining was performed for 11 endophytic bacterial strains where nine violet coloured (Fig. 16A) and two pink coloured (Fig. 16B) bacilliform bacteria were observed. This gives an

इससे संकेत मिलता है कि नौ ग्राम पॉजिटिव और दो ग्राम–नेगेटिव बैक्टीरिया थे। इसकी आगे पुष्टि 3% पोटेशियम हाइड्रॉक्साइड परीक्षण द्वारा की गई। यह कवक और बैक्टीरिया कल्चर शोधन, जैव रासायनिक और आणविक वर्णन की प्रक्रिया में हैं।

indication that nine were Gram-positive and two were Gram-negative bacteria. This was further confirmed by 3% potassium hydroxide test. These fungal and bacterial cultures are in the process of purification, biochemical and molecular characterization.



चित्र 16: अंगूर की पत्तियों में मौजूद बैक्टीरिया की प्रजातियां
Fig. 16. Baciliform bacteria present in the grapevine leaves

अवशेष पालन तथा गुणवत्ता वाले अंगूर उत्पादन हेतु जैव–गहन रोग और कीट प्रबंधन मॉड्यूल

पंजीकृत पाउडरी मिल्ड्यू कवकनाशी के खिलाफ विभिन्न जैव नियंत्रण कर्मकों की अनुकूलता

ट्राइकोडर्मा एस्परेलोइड्स, एम्पीलोमाइसिस क्विस्क्वेलिस, बेसिलस सबटिलिस और *बेसिलस लिचेनफोर्मिस* जैसे जैव नियंत्रण कर्मकों की उन्नीस कवकनाशियों के साथ अनुकूलता के लिए एक प्रयोग किया गया था।

ट्राइकोडर्मा एस्परेलोइड्स, एज़ोक्सिस्ट्रोबिन 23 एससी @ 494 मिली/हेक्टर, क्रेसोक्सिम मिथाइल 44.3 एससी @ 700 मिली/हेक्टर, मेप्टाइल डाइनोकैप 35.7 ईसी @ 342 मिली/ली, फ्लक्सापाइरोक्सैड 25% + पाइरेक्लोस्ट्रोबिन 25% एससी @ 200 मिली/हेक्टर और सल्फर फार्मुलेशन के अनुकूल था जबकि हेक्साकोनाजोल 5 ईसी @ 1.0 मिली/ली, फ्लुसिलाजोल 40 ईसी @ 0.125 मिली/ली और टेबुकोनाजोल के संयोजक कवकनाशियों ने पूरी तरह से *ट्राइकोडर्मा एसेपरलोइड्स* को रोक दिया।

एम्पीलोमाइसिस क्विस्क्वेलिस, बोस्कलेड 25.2% + पाइरेक्लोस्ट्रोबिन 12.8% डब्ल्यू/ डब्ल्यू डब्ल्यूजी @ 600 मिली/हेक्टर के साथ असंगत था। दूसरी ओर हेक्साकोनाज़ोल 5 ईसी @ 1.0 मिली/ली, माइक्लोबुटानिल 10 डब्ल्यूपी @ 0.40 ग्राम/ली, मेप्टाइल डाइनोकैप 35.7 ईसी @ 342.8 मि.ली./हे, मेट्राफिनोन 50% एससी/250 मिली/हेक्टर, सल्फर

Development of a bio-intensive disease management schedule for production of disease free and residue compliant grapes

Compatibility of different biocontrol agents against registered powdery mildew fungicide

An experiment was performed for the assessment of the compatibility of biocontrol agents like *Trichoderma asperelloides*, *Ampelomyces quisqualis, Bacillus subtilis* and *Bacillus licheniformis* with nineteen fungicides.

Trichoderma asprelloides was compatible to Azoxystrobin 23 SC @ 494 mL/ha, Kresoxim methyl 44.3SC @ 700 ml/ha, Meptyl dinocap 35.7 EC @ 342.8ml/ha., Fluxapyroxad 25% + Pyraclostrobin 25% SC @ 200 mL/ha and formulations of Sulphur, whereas Hexaconazole 5 EC @ 1.0 mL/L, Flusilazole 40 EC @ 0.125ml/L and combination fungicides of Tebuconazole completely inhibited *Trichoderma asprelloides.*

Ampelomyces quisqualis was incompatible with Boscalid 25.2% + Pyraclostrobin 12.8% w/w WG @ 600 mL/ha. On the other hand Hexaconazole 5 EC @ 1.0 mL/L, Myclobutanil 10 WP @0.40 g/L, Meptyl dinocap 35.7 EC @ 342.8ml/ha, Metrafenone 50% SC @ 250 mL/ha, Sulphur 80WDG @ 2.50 g/L and

80 डब्ल्यूडीजी @ 2.50 ग्राम/लीटर और सल्फर 85 डब्ल्यूपी @ 2.0 ग्राम/ली ने *एम्पिलोमासिस* की अधिक वृद्धि होने दी।

बेसिलस सबटिलिस, एज़ोक्सिस्ट्रोबिन 23 एससी @ 494 मिली/हेक्टर, हेक्साकोनाजोल 5 ईसी @ 1.0 मिली/ली, सल्फर 80 डब्ल्यूपी @ 2.50 ग्रा/ली और सल्फर 85 डब्ल्यूपी 2.0 ग्रा/ली कवकनाशी के साथ निर्बाध रूप से बढा। लेकिन *बेसिलस सबटिलिस* की वृद्धि फ्लुसिलाजोल 40 ईसी @ 0.125 मिली/ली, डाइफेनोकोनाज़ोल 25 ईसी @ 0.50 मिली/ली और फ्लुपाईराम 200 + टेबुकोनाजोल 200 एस सी @ 0.563 मिली/ली द्वारा सीमित हो गई थी।

बैसिलस लाइकेनीफॉर्मिस, इन रसायनों अर्थात एज़ोक्सिस्ट्रोबिन 23 एससी @ 494 मिली/हेक्टर, क्रेसोक्सिम मिथाइल 44.3 एससी 700 मिली/है, हेक्साकोनाज़ोल 5 ईसी @ 1.0 मिली/ली, सल्फर 55.16 @ 3.0 एससी @ 3 मिली/ली और फ्लक्सा–पाइरॉक्सैड 25% + पाइराक्लोस्ट्रॉबिन 25% एससी @ 200 मिली/है के अनुकूल थे, हालांकि यह किसी भी कवकनाशी द्वारा पूरी तरह से बाधित नहीं था।

क्षेत्र परीक्षण

संस्थान द्वारा विकसित जैव–गहन रोग प्रबंधन मॉड्यूल लगातार चौथे सीजन में भी संस्थान के अंगूर के बगीचों में कार्यान्वित किया गया। *ट्राइकोडर्मा एस्परेलोइड्स* उपभेद 5आर को इस केंद्र में तरल मीडिया में तैयार किया गया था। *टी. एस्पेरेलोइड्स* का कुल 420 ली उत्पाद तैयार किया गया और साप्ताहिक अंतराल पर मृदा ड्रेंचिंग के रूप में दिया गया।

उपरोक्त मॉडल के आधार पर, नारायणगांव में किसानों के क्षेत्र में 12 बाह्य प्रक्षेत्र परीक्षण शुरू किए गए। जैव नियंत्रण कर्मकों के संभावित उपभेदों के सरल संरूपणों का अंगूरों में रोग नियंत्रण के लिए आंकलन किया गया। कुल 100 लीटर उत्पाद तैयार किया गया और परीक्षण प्रक्षेत्र पर वितरित किया गया। अनुपचारित क्षेत्र की तुलना में उपचारित क्षेत्र में रोग की व्यापकता कम थी।

अंगूर के पाउडरी मिल्ड्यू के विभिन्न नियंत्रण उपायों का तुलनात्मक विश्लेषण

अंगूर में पाउडरी मिल्ड्यू के नियंत्रण के लिए एक प्रायोगिक परीक्षण जहाँ रासायनिक कवकनाशियों, जैव–नियंत्रण कर्मकों के वाणिज्यिक संरूपणों और इस केंद्र में तैयार किये गये जैव–नियंत्रण कर्मकों के शुद्ध कल्चर जैसे *टी एफ्रोहार्जिएनम*,

Sulphur 85 WP @ 2.0 g/L allowed profuse growth of *Ampelomyces.*

Bacillus subtilis grew uninterruptedly with fungicides Azoxystrobin 23 SC @ 494 mL/ha, Hexaconazole 5 EC @ 1.0 mL/L, Sulphur 80 WP @ 2.50 g/L and Sulphur 85 WP 2.0 g/L. But the growth of *Bacillus subtilis* was restricted by Flusilazole 40 EC @ 0.125ml/L, Difenoconazole 25EC @ 0.50 mL/L and Fluopyram 200+Tebuconazole 200SC @ 0.563 mL/L.

Bacillus licheniformis was compatible to chemicals *viz.* Azoxystrobin 23 SC @ 494 mL/ha, Kresoxim methyl 44.3SC @ 700 mL/ha, Hexaconazole 5 EC @ 1.0 mL/L, Sulphur 55.16 @ 3.0 SC @ 3ml/L. and Fluxapyroxad 25% + Pyraclostrobin 25% SC @ 200ml/ha, however it was not totally inhibited by any fungicide.

Field trial

A bio-intensive disease management module developed by the institute was implemented in the institute vineyard for 4th consecutive season. *Trichoderma asperelloides* strain 5R was multiplied in liquid media at this Centre. A total of 420 litres product of *T. asperelloides* was prepared and applied as soil drench at weekly intervals.

Based on the above model, 12 out location trials were started in Narayangaon at farmers' field. Simple formulation containing potential strains of biocontrol agents were evaluated for disease control in grapevines. Total 100 litres of formulation was prepared and distributed on trial plots. Overall disease incidence was significantly low in treated plots as compared to untreated plots.

Comparative analysis of different control measures of powdery mildew of grapes

An experimental trial was conducted for comparative assessment of chemical fungicides, commercial formulations of bio-control agents and pure culture of bio-control agents multiplied at the Centre *viz. T. afroharzianum* NAIMCC-F-01938,

एनएआईएमसीसी–एफ–01938, *बैसिलस लाइकेनीफॉर्मिस* टीएल –171 और *एम्पिलोमासिस क्विस्क्वेलिस* का तुलनात्मक आकलन किया गया।

सभी ट्रीटमेंट ने पाउडरी मिल्ड्यू के संक्रमण को कम किया, लेकिन नियंत्रण की दर में भिन्नता थी (चित्र 17)। ट्रीटमेंटो के पहले सेट में, मेट्रोफिनोन 50% एससी अन्य रसायनों की तुलना में रोग की दर को नियंत्रित करने में सबसे प्रभावी साबित हुआ। शुद्ध कल्चर और कवकनाशी के अगले सेट में, मेट्रोफिनोन 50% एससी के साथ *ट्राइकोडर्मा एफ्रोहार्जिएनम* के ट्रीटमेंट ने पाउडरी मिल्ड्यू पर अधिकतम नियंत्रण दिखाया।

शुद्ध कल्चर के वाणिज्यिक फार्मूलेशन के अंतिम सेट में, रोग का सबसे प्रभावी नियंत्रण उन ट्रीटमेंट में देखा गया, जहां सभी जैव–नियंत्रण कर्मकों अर्थात *बैसिलस* स्पी., *ट्राइकोडर्मा* स्पी. और *एम्पिलोमासिस क्विस्क्वेलिस* का उपयोग सल्फर 80 डब्लूडीजी के साथ एकान्तर में अनुप्रयोगित किया गया था।

अवशेष पालन तथा गुणवत्ता वाले अंगूर उत्पादन के लिए कीटनाशकों के न्यूनतम उपयोग, लताओं में प्रणालीगत प्रतिरोध को शामिल करने, प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले जैविक नियंत्रण कर्मकों के उपयोग और प्राकृतिक दुश्मनों के संरक्षण पर आधारित एक जैवरोग और कीट प्रबंधन गहन मॉड्यूल विकसित किया गया। इस मॉड्यूल को 2019–20 के दौरान नासिक में पांच बाह्य प्रक्षेत्रों में लागू किया गया। जैविक नियंत्रण कर्मक अर्थात, *ट्राइकोडर्मा*, *बैसिलस*, *स्यूडोमोनस*, *लेकेनिसिलियम*, *मेटारायझियम*, *हिरसुटेला* और *बिव्हेरिया* को मिट्टी और पत्तों पर निवारक छिड़काव करने के लिए लिया गया था। कीटनाशक अनुप्रयोग न्यूनतम और आवश्यकता आधारित थे। इस मॉड्यूल की तुलना किसान क्रियाओं के साथ की गई। सभी पाँच क्षेत्र में अंगूर, तुड़ाई के दौरान अवशेष अनुपालन सीमा के भीतर थे। श्री दुगजे, श्री मोरे और श्री नाथे के खेत में, थ्रिप्स और माइट्स के कारण नुकसान जैव–गहन भूखंड में, किसान क्रिया भूखंड की तुलना में कम था (चित्र 18)। श्री पगार के जैव–गहन भूखंड में, किसान क्रिया भूखंड की तुलना में थ्रिप्स का नुक़सान कम था (चित्र 19)।

श्री विधाते के जैव–गहन भूखंड में, थ्रिप्स, माइट्स और जेसिड के कारण नुकसान किसान क्रिया भूखंड की तुलना में कम था (चित्र 20)। अन्य नाशीजीवों के नुकसान का स्तर सांख्यिकीय रूप से शून्य अवशेष और किसान क्रिया भूखंड के बराबर था।

B.licheniformis TL -171 and *Ampelomyces quisqualis* against powdery mildew of grapes.

All the treatments reduced the powdery mildew infection, but the rate of control varied (Fig.17). In the first set of treatments, Metrafenone 50% SC proved to be the most effective in controlling the rate of the disease in comparison to the other chemicals. In the next set of pure culture and fungicide, the treatment of *Trichoderma afroharzianum* with Metrafenone 50% SC showed maximum control over powdery mildew.

In the last set of commercial formulations of the pure culture, most effective control of the disease was observed in the treatments where all the biocontrol agents *viz. Bacillus sp., Trichoderma sp.* and *Ampelomyces quisqualis* was used in alteration with Sulphur 80 WDG.

A bio-intensive disease and pest management module based on minimum use of pesticides, induction of systemic resistance in vines, use of naturally occurring biological control agents and conservation of natural enemies was developed for production of residue compliant quality grapes. The module was implemented at five out-station fields at Nashik during grape fruiting season 2019-20. Bioagents, viz., *Trichoderma, Bacillus, Pseudomonas, Lecanicillium, Metarhizium, Hirsutella* and *Beauveria* have been included as preventive soil and foliar applications. Pesticidal applications were minimal and need based. This module was compared with the farmer practice. Grapes from all the five plots were residue compliant at harvest. At Dugje, More and Nathe Farm, damages due to thrips and mites were less in bio-intensive plot as compared to farmer practice (Fig.18). At Pagar Farm, thrips damage was less in bio-intensive plot as compared to farmer practice plot (Fig.19).

At Vidhate Farm, damage due to thrips, mites and jassids were less in bio-intensive plot as compared to farmer practice (Fig. 20). Damage levels for other pests were statistically at par with zero residue and farmer practice plots.

मेट्रोफिनोन 50% एससी
Metrafenone 50% SC

मेट्रोफिनोन 50% एससी के साथ *ट्राइकोडर्मा अफ़रोहार्जियनम*
Trichoderma afroharzianum with Metrafenone 50% SC

बाजार के *बैसिलस* स्पी., *ट्राइकोडर्मा* स्पी. और *एम्पिलोमासिस* क्विस्क्वेलिस के नमूनों का एकान्तर अनुप्रयोग
Alternate application of market samples of *Bacillus* sp., *Trichoderma* sp. and *Ampelomyces quisqualis*

अनुपचारित नियंत्रण
Untreated control

चित्र 17. अंगूर में पाउडरी मिल्ड्यू के विभिन्न नियंत्रण उपायों का तुलनात्मक विश्लेषण
Fig. 17. Comparative analysis of different control measures of powdery mildew of grapes







चित्र 18. जैव गहन भूखंड की किसान क्रिया भूखंड से तुलना

Fig.18. Comparison of biointensive plots with farmers' plot



चित्र 19. श्री पगार – जैव गहन भूखंड की किसान क्रिया भूखंड से तुलना
Fig.19. Shri Pagar - Comparison of biointensive plot with farmers' plot



चित्र 20. श्री विधाते – जैव गहन भूखंड की किसान क्रिया भूखंड से तुलना
Fig.20. Shri Vidhaate - Comparison of biointensive plot with farmers' plot

अंगूर के रोग के नियंत्रण में नए कवकनाशी / वानस्पतिक संरूपणों की जैव–प्रभावकारिता

2020–21 के फलत मौसम के दौरान, प्रक्षेत्र स्थितियों में कवकनाशी और जैव– नियंत्रण कर्मकों के विभिन्न संरूपणों की जैव–क्षमता का परीक्षण किया गया। विभिन्न रोगों के लिए इन संरूपणों की प्रभावी मात्रा तालिका 19 में सूचीबद्ध है।

Bio-efficacy of new fungicide / botanicals formulations in control of diseases of grapes

During the fruiting season of 2020-21, bioefficacy of different formulations of fungicides and biocontrol agents were tested in field conditions. Effective doses of these formulations for different diseases are listed in table 19.

तालिका 19. विभिन्न क्षेत्र आंकलित कवकनाशी संरूपणों तथा जैवनियंत्रण कर्मकों की तालिका

Table 19. List of different field evaluated fungicide formulations and biocontrol agents.

कवकनाशी **Fungicides**	इष्टतम मात्रा ग्राम अथवा मिली/ ली **Optimum dose g or ml/L**	रोग **Disease**
अमिसुलब्रोम + ज़ोक्सामाइड Amisulbrom + Zoxamide	1.0	डाउनी मिल्ड्यू Downy mildew
फ्लक्सापिप्रोलिन + फ्लुओपिकोलाइड -230 एससी Fluoxapiprolin + Fluopicolide-230 SC	0.5	डाउनी मिल्ड्यू Downy mildew
इप्रोवलीकार्ब 8.4% + कॉपर ऑक्सीक्लोराइड 40.6% Iprovalicarb 8.4% + Copper oxychloride 40.6%	1.25	डाउनी मिल्ड्यू Downy mildew
फेनामिडोन 10% + मेंकोजेब 50% डब्ल्यूजी Fenamidone 10% + Mancozeb 50% WG	1.25	डाउनी मिल्ड्यू Downy mildew
सायजोफ़ामिड 5.3% + मेंकोजेब 69.7% डब्ल्यूजी Cyazofamid 5.3% + Mancozeb 69.7% WG	1.5	डाउनी मिल्ड्यू Downy mildew
फॉसेटिल एएल 80 डब्ल्यूपी Fosetyl AL 80WP	2.0	डाउनी मिल्ड्यू Downy mildew
फ्लुओपिकोलाइड -4.44% + फॉसेटिल एएल 66.67% डब्ल्यूजी Fluopicolide-4.44% + Fosetyl AL66.67% WG	2.25	डाउनी मिल्ड्यू Downy mildew
एडीएम 01951. एफ 1ए ADM.01951.F.1A	0.55	डाउनी मिल्ड्यू Downy mildew
ऑक्सीथिआपिप्रोलिन 48 जी + एमिसुलब्रोम Oxathiapiprolin 48g + Amisulbrom	0.312	डाउनी मिल्ड्यू Downy mildew
प्रोपिनेब 70% + सायमोक्जानिल 6% डब्ल्यूपी Propineb 70% + Cymoxanil 6% WP	2.25	डाउनी मिल्ड्यू और एन्थ्रक्नोज़ Downy mildew and anthracnose
आरआईएल 177 /एफ 1 RIL 177/ F1	0.175	पाउडरी मिल्ड्यू Powdery mildew
इकोलेड फ्रीडम EcoLaid Freedom	3.75	डाउनी मिल्ड्यू और पाउडरी मिल्ड्यू Downy mildew and Powdery mildew
फ़्लुओपाईराम 250 + ट्राईफ्लोक्सीस्ट्रोबिन 250 Fluopyram 250+ Trifloxystrobin 250	0.5	पाउडरी मिल्ड्यू और एन्थ्रक्नोज़ Powdery mildew and Anthracnose
जीओडी -एफ 002 GOD-F002	0.37, 0.5	पाउडरी मिल्ड्यू Powdery mildew

कवकनाशी Fungicides	इष्टतम मात्रा ग्राम अथवा मिली/ ली Optimum dose g or ml/L	रोग Disease
बीएएस 752 01एफ एससी BAS 752 01 F SC	2, 2.5	पाउडरी मिल्ड्यू Powdery mildew
के के 21 KK-21	2.0	पाउडरी मिल्ड्यू और एन्थ्रक्नोज़ Powdery mildew and Anthracnose
लामिनारिन Laminarin	2.5	पाउडरी मिल्ड्यू Powdery mildew
बायोफूज फाइट फंगस Biofuse Fight Fungus	5.0	डाउनी मिल्ड्यू, पाउडरी मिल्ड्यू और एन्थ्रक्नोज़ Downy mildew, Powdery mildew and Anthracnose
बायो ड्युकोन (एम्पिलोमासिस क्विस्क्वेलिस) Bio Dewcon (Ampelomyces quisqualis)	2.0	पाउडरी मिल्ड्यू Powdery mildew
10 एक्स प्लस 10 X plus	3.0	पाउडरी मिल्ड्यू Powdery mildew

अंगूर में तनाछेदक का प्रबंधन

नासिक जिले के सैय्यद पिंपरी में 15 साल के एक ग्रस्त शरद सीडलैस बगीचा (20° 02'48.9 ''एन, 73° 55'43.4'' ई) का फरवरी 2020 के दौरान सर्वेक्षण किया गया था ताकि पता लगाया जा सके कि *डी. कदम्बी* अंगूर की जड़ों को संक्रमित कर सकते हैं या नहीं। बीस लताओं को जमीन से पूरी तरह से उखाड़ कर जड़ों पर संक्रमण देखा गया। साठ प्रतिशत संक्रमित अंगूरलतोओं की जड़ों में संक्रमण था। दीर्घाएँ कीचड़ से भरी थीं; हालाँकि, जड़ में किसी भी लार्वा या प्यूपा को नहीं देखा गया, जो पुराने संक्रमण का संकेत देता है।

इसके अलावा, नाशिक जिले में अंगूरलताओं की जीवन शक्ति और उत्पादन पर *डी. कदम्बी* के प्रभाव के आकलन के लिए पांच ग्रस्त अंगूर के बागों का सर्वेक्षण जनवरी से फरवरी, 2020 तक किया गया था। सभी पांच *डी. कदम्बी* से ग्रस्त अंगूर के बागों में इन सभी पैरामीटर में महत्वपूर्ण कमी दिखाई दी। 0–10 के पैमाने पर (योग्यताक्रम 0 में मृत अंगूर की लता का चित्रण, 10 का अर्थ है पूरी तरह से स्वस्थ लता), औसत जीवन शक्ति योग्यताक्रम 3.2 से 5.84 और 8.1 से 8.94 तक *डी. कदम्बी* से प्रभावित और स्वस्थ अंगूर के बागों में क्रमानुसार पायी गयी। जीवन शक्ति के लिए देखी गई कुल 250 ग्रस्त लताओं में से 20 *डी. कदम्बी* ग्रसन के परिणामस्वरूप मृत पाई गईं। *डी. कदम्बी* से

Management of stem borer in grapes

A 15 year old infested Sharad Seedless vineyard (20°02'48.9"N, 73°55'43.4"E) at Sayyad Pimpri in Nashik district was surveyed during February 2020 to find out whether *D. cadambae* could infest grapevine roots. Twenty vines were uprooted completely from the ground and infestation on roots was observed. Root infestation was observed in 60 per cent of the infested grapevines. The galleries were filled with mud; however, no larva or pupa was observed indicating the old infestation in the roots.

Further, another five infested vineyards were surveyed in Nashik district from January to February, 2020 for evaluation of the effect of *D. cadambae* infestation on vitality and production of grapevines. All the five vineyards showed significant reduction on all these parameters due to the infestation. On the scale of 0-10 (0 depicting dead vine, 10 means completely healthy vine), the average vitality ratings ranged from 3.2 to 5.84 and 8.1 to 8.94 in *D. cadambae* infested and healthy vineyards, respectively. Out of total 250 infested vines observed for vitality, 20 were found dead as a result of *D. cadambae* infestation. *D. cadambae* infested vines

प्रभावित लताओं में प्रति लता गुच्छ संख्या कम थी जो स्वस्थ लताओं में 20.46 से 34.16 की तुलना में 5.14 से 9.76 तक थी। प्रति लता औसत उपज 2.39 से 4.12 और 7.01 से 12.87 किग्रा क्रमश: *डी. कदम्बी* से ग्रस्त लताओं तथा स्वस्थ लताओं में थी।

बुद्धिमत्तापूर्ण अंगूर की खेती के लिए स्वचालित निगरानी और सलाहकार प्रणाली

मोबाइल एप्लिकेशन डेल्टा टी कैलकुलेटर

डेल्टा टी कृषि और बागवानी फसलों में छिड़काव के लिए उपयुक्त परिस्थितियों का आकलन करने के लिए एक महत्वपूर्ण

had lower number of bunches per vine ranging from 5.14 to 9.76 as compared to 20.46 to 34.16 in healthy vines. The average yield per vine ranged from 2.39 to 4.12 and 7.01 to 12.87 kg respectively in *D. cadambae* infested and healthy vines.

Automated monitoring and advisory system for intelligent viticulture

Mobile application Delta T calculator

Delta T is an important indicator to evaluate conditions suitable for spraying in agricultural and horticultural crops. 'Delta T Calculator' mobile



चित्र 21. डेल्टा टी कैल्कुलेटर
Fig. 21. Delta T Calculator

संकेतक है। किसानों के लिए 'डेल्टा टी कैल्कुलेटर' मोबाइल एप्लिकेशन (चित्र 21) विकसित किया गया था जो एंड्रॉयड मोबाइल फोन पर सूखे और गीले बल्ब थर्मामीटर की आवश्यकता के बिना दिए गए तापमान और सापेक्ष आर्द्रता से डेल्टा टी मान की गणना करता है।

यदि डेल्टा टी का मूल्य बहुत अधिक है (10 से अधिक), तो छिड़काव की छोटी बूंद तेजी से लुप्त हो जाएगी। यदि मूल्य अविश्वसनीय रूप से कम (2 से कम) है, तो छोटी बूंद जीवित रहेगी और बारिश होने की स्थिति में बहाव या धुलाई की संभावना बढ़ जाएगी। इष्टतम डेल्टा टी स्थितियों के भीतर छिड़काव से इनपुट उपयोग दक्षता बढ़ेगी और पर्यावरण प्रदूषण कम होगा। यह ऐप चार भाषाओं अर्थात हिंदी, अंग्रेजी, बंगाली और मराठी में उपलब्ध है।

समाप्त परियोजनाएं

बैक्टीरियल लीफ स्पॉट (सीओ *जेंथोमोनास कैम्पेस्ट्रिस* पीवी *विटीकोला*) और अंगूर में इसका एकीकृत प्रबंधन पर अध्ययन

जेंथोमोनास कैम्पेस्ट्रिस पीवी *विटीकोला* का चरित्रांकन आकृति संबंधी, जैव रासायनिक और आणविक मापदंडों के आधार पर किया गया। कोशिकाओं की कॉलोनियां सफेद रंग की, गोलाकार, चमकदार, उभरी हुई, नियमित और निष्कोण दिखाई दीं। *जेंथोमोनास कैम्पेस्ट्रिस* पीवी *विटीकोला* से अलग किये गये प्लास्मिड का आकार 23 केबी था। प्लास्मिड उपचार तीन उपचारकारकों के द्वारा, प्रत्येक कारक की तीन अलग–अलग सांद्रता के साथ, एथिडियम ब्रोमाइड (75, 100 और 125 माइक्रोग्राम/मिली), एक्रिडिन ऑरेंज (50, 75 और 100 माइक्रोग्राम/मिली) और सोडियम डोडिसाइल सल्फेट (0.5, 1.0 और 1.5%) का उपयोग करके किया गया। सोडियम डोडिसाइल सल्फेट 1% और 1.5% और एथिडियम ब्रोमाइड और एक्रिडिन नारंगी की सभी सांद्रतायें प्लास्मिड उपचार करने में सक्षम थीं। उपचारित कोशिकायें सुस्त, सपाट और अनियमित किनारों के साथ थीं। अंगूर की अतिसंवेदनशील किस्म थॉमसन सीडलैस में संरोपित करने पर भी ठीक हुई कोशिकाओं में कोई लक्षण नहीं थे, जबकि उसी होस्ट में जंगली *जेंथोमोनास कैम्पेस्ट्रिस* पीवी *विटीकोला* का संक्रमण होने के 72 घंटों के भीतर लक्षण उत्पन्न करने में सक्षम थी।

जंगली रोगजनक बैक्टीरिया ऑक्सासिलिन, पेनिसिलिन और वैनकोमाइसिन के साथ प्रतिरोधी थे लेकिन ठीक होने वाले बैक्टीरिया में प्रतिरोध टूट गया था और यह उपरोक्त सभी एंटीबायोटिक दवाओं के लिए अतिसंवेदनशील हो गया था।

application (Fig. 21) was developed for the farmers using Android mobile phone to calculate the Delta T value for the given temperature and relative humidity without needing dry and wet bulb thermometers.

If the Delta T value is too high (more than 10), then the spray droplet will evaporate fast. If the value is incredibly low (less than 2), then droplet survival will be longer and leading to increased potential for drift or washing off in case of rains. Spraying within optimum Delta T conditions will increase input use efficiency and reduce environmental contamination. This App is available in four languages, viz., Hindi, English, Bengali and Marathi.

Completed projects

Studies on bacterial leaf spot (c.o. *Xanthomonas campestris* pv. *viticola*) and its integrated management in grapes

Characterization of *Xanthomonas campestris* pv *viticola* has been done based on morphological, biochemical and molecular parameters. The colonies of cells appeared white in colour, circular, shiny and smooth. The plasmid isolated from *Xanthomonas campestris* pv. *viticola* was 23kb in size. Plasmid curing was performed using three curing agents, each with three different concentrations, ethidium bromide (75, 100 and 125µg/ml), acridine orange (50, 75 and 100 µg/ml) and sodium dodecyl sulphate (0.5%, 1.0 % and 1.5 %) to study plasmid borne traits. Curing of plasmid was observed with 1.0 and 1.5 % conc. of sodium dodecyl sulphate and all the concentrations of ethidium bromide and acridine orange. Colonies of the cured cells were dull, flat and with irregular margins. Cured cells did not produce any symptoms when inoculated in susceptible grape variety, Thompson Seedless, however wild *Xanthomonas campestris* pv *viticola* could produce the symptoms within 72h of inoculation in the same host.

The wild pathogenic bacteria were resistant to oxacillin, penicillin and vancomycin but in cured bacteria the resistance was broken and it became susceptible to all the aforementioned antibiotics.

फटेस्का अल्बा, कर्ण रेजिया, कैबर्ने फ्रैंक, मांजरी मेडिका, किशमिश लुचिस्टी, हुसैन कडू, पीएस III-11-4, 2 ए-क्लोन, मांजरी किशमिश बैक्टीरिया के लिए प्रतिरोधी थीं।

खरपतवार *यूफोरबिया हर्टा* एल, *लैंटाना कैमारा* एल, *सोलनम नाइग्रम* एल, *टैरैक्सकम ऑफिसिनेल* एल, *सिडा एकुटा* एल, *कोक्सीनिया इंडिका* एल बैक्टीरिया के वैकल्पिक होस्ट थे। *ट्राइकोडर्मा एस्परेलोइड्स* और *बैसिलस सबटिलिस* ने *जेंथोमोनास कैम्पेस्ट्रिस* पीवी *विटीकोला* की वृद्धि को काफी बाधित किया था जबकि *स्यूडोमोनास फ्लोरेसेंसने*, *जेंथोमोनास कैम्पेस्ट्रिस* पीवी *विटीकोला* के खिलाफ कोई निरोधात्मक प्रभाव नहीं दिखाया। मेन्कोज़ेब, तैयार-मिश्रित कापर ऑक्सीक्लोराइड और एंटीबायोटिक कासुगामाइसिन रोगाणु के खिलाफ प्रभावी थे।

Fatesca Alba, Coarna Regia, Cabernet Franc, Manjari Medika, Kishmis Luchisty, Hussain Kadu, PS III-11-4, 2A- Clone, Manjari Kishmish were resistant to the bacteria.

Weeds *Euphorbia hirta L., Lantana camara L. Solanum nigrum L., Taraxacum officinale L., Sida acuta L., Coccinia indica L.* were the alternative hosts of the bacteria. *Trichoderma asperelloides* and *Bacillus subtilis* significantly inhibited the growth of *X. campestris* pv. *viticola* while *Pseudomonas fluorescens* did not show any inhibitory effects against *Xanthomonas campestris* pv. *viticola.* Mancozeb, ready-mixed copper oxychloride and antibiotic kasugamycin were effective against the pathogen.

V. अंगूर प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन के लिए फसल-पूर्व और -पश्चात तकनीकों का विकास

V. Development of Pre- and Post-Harvest Technologies for Processing of Grapes and Value Addition

रंगीन किशमिश बनाने हेतु किस्मों और शुष्कन विधियों का आंकलन

इस परियोजना को 2019 में किशमिश बनाने हेतु उपयुक्त काली किस्म की पहचान के उद्देश्य से शुरू की गया था। फैंटासी सीडलैस, नानासाहेब पर्पल सीडलैस, मांजरी श्यामा, सरिता सीडलैस, काली साहेबी, ब्लैक चंपा, ब्लैक चैंपियन और कॉन्वेंट लार्ज ब्लैक जैसी आठ किस्मों का आंकलन किया गया। काली अंगूर क़िस्मों के गुच्छा तथा मणि मापदंड तालिका 20 में दिये गये हैं। काली साहेबी में बड़े आकार के गुच्छे देखे गए जिसका अनुसरण नानासाहेब पर्पल सीडलैस ने किया। अधिकतम मणि व्यास ब्लैक चंपा में दर्ज किया गया और उसका अनुसरण कॉन्वेंट लार्ज ब्लैक ने किया। हालांकि, सरिता सीडलैस की मणि में मोटी त्वचा (0.235 मिमी) पाई गई और फैंटासी सीडलैस में पतली त्वचा थी फिर भी, अंतर असार्थक थे। इन किस्मों के बीच टीएसएस का अंतर असार्थक था हालांकि, मांजरी श्यामा (20.20°ब्रि) में उच्चतम टीएसएस दर्ज किया गया था। शुष्कन के 11वें दिन, ब्लैक चंपा, ब्लैक चैंपियन और कॉन्वेंट लार्ज ब्लैक ने ओआइवी मानक अनुसार स्वीकार्य नमी का स्तर 14-16% प्राप्त किया, जबकि अन्य किस्मों में ये अधिक थी। सरिता सीडलैस में 23.75% की अधिकतम किशमिश रिकवरी दर्ज की गई जबकि नानासाहेब पर्पल सीडलैस ने न्यूनतम रिकवरी 16.46% दर्ज की गई थी। भले ही, काली साहेबी की मणियों में केवल 16.09°ब्रि

Evaluation of varieties and drying methods for making coloured raisins

The project was initiated in 2019 with the objective of identification of suitable black variety for raisin making. Eight varieties namely Fantasy Seedless, Nanasaheb Purple Seedless, Manjari Shyama, Sarita Seedless, Kali Sahebi, Black Champa, Black Champion and Convent Large Black were evaluated. Bunch and berry parameters of black grape varieties are given in table 20. Big size bunches were observed in Kali Sahebi followed by Nanasaheb Purple Seedless. Maximum berry diameter was recorded in Black Champa followed by Convent Large Black. Even though berries of Sarita Seedless had thick skin (0.235 mm) and those of Fantasy Seedless were thin skined, neverthless, the differences were non-significant. The TSS also did not differ significantly between the varieties though, highest TSS was recorded in Manjari Shyama (20.20°B). On 11th day of drying, Black Champa, Black Champion and Convent Large Black attained acceptable moisture level of 14-16 % as per OIV standard while other varieties had more moisture content. Maximum raisin recovery of 23.75% was recorded in Sarita Seedless while Nanasaheb Purple Seedless recorded minimum

टीएसएस दर्ज़ की गयी थी लेकिन किशमिश की रिकवरी काफी अधिक थी क्योंकि यह बीज वाली किस्म है।

ब्लैक चम्पा किस्म में बड़े आकार की किशमिश (प्रति 100 ग्राम 120.8 किशमिश) थीं, जबकि नानासाहेब पर्पल सीडलैस में अधिकतम किशमिश यानी 100 ग्राम में 281.8 थीं जो कि इसके छोटे आकार के किशमिश को दर्शाता है (चित्र 22)।

recovery of 16.46%. Even though, berries of Kali Sahebi recorded only 16.09°B TSS but the raisin recovery was fairly higher as it is seeded variety.

Variety Black Champa had bold sized raisins (120.8 raisins per 100g) whereas Nanasaheb Purple Seedless had small sized raisins (281.8 in 100g) (Fig. 22).

तालिका 20. काली अंगूर क़िस्मों के गुच्छा तथा मणि मापदंड

Table 20. Bunch and berry parameters of black grape varieties

किस्म Varieties	गुच्छे की लंबाई (सेमी) Bunch Length (cm)	मणि वजन (ग्राम) Berry weight (g)	मणि आकार (मिमी) Berry size (mm)		त्वचा मोटाई (मिमी) Skin thickness (mm)	टीएसएस (°ब्रि) TSS (°B)
			लंबाई Length	व्यास Diameter		
फैंटासी सीडलैस Fantasy Seedless	15.96	29.46	22.3	15.20	0.163	18.80
नानासाहेब पर्पल सीडलैस Nanasaheb Purple Seedless	16.42	21.35	15.9	11.80	0.181	19.60
मांजरी श्यामा Manjari Shyama	14.31	23.05	17.1	13.10	0.210	20.20
सरिता सीडलैस Sarita Seedless	14.10	27.02	16.77	11.70	0.235	19.73
काली साहेबी Kali Sahebi	24.49	38.17	21.20	14.70	0.186	16.09
ब्लैक चंपा Black Champa	10.46	34.33	20.20	18.10	0.198	17.16
ब्लैक चैंपियन Black Champion	9.05	34.09	15.67	11.60	0.181	16.73
कॉन्वेंट लार्ज ब्लैक Convent Large Black	8.63	40.92	21.00	17.40	0.195	17.00
(सीडी) 5% CD 5%	2.55	5.36	1.21	1.53	एनएस NS	एनएस NS



चित्र 22. किशमिश के गुणवत्ता मापदंड

Fig. 22. Raisin quality parameters

फाइटोकेमिकल रुपरेखन तथा अंगूर से न्यूट्रास्युटिकल और मूल्यवर्धित उत्पादों का विकास

तेल निष्कर्षण के पश्चात अंगूर बीजीय खली के पॉलीफेनोल प्रोफाइल और पोषण मापदंडों का विश्लेषण

अंगूर बीजीय खली (जीएससी) अंगूर के रस उद्योग का एक उप-उत्पाद है। मांजरी मेडिका के अंगूरों के प्रसंस्करण के पश्चात उत्पन्न पोमेस को बीज और त्वचा में अलग किया गया। बीज को सुखाया गया तथा कोल्ड प्रेस निष्कर्षण द्वारा तेल में प्रसंस्कृत किया गया एवं शेष अंगूर बीजीय खली (जीएससी) का विश्लेषण तरल क्रोमैटोग्राफी-उच्च रिज़ॉल्यूशन मास स्पेक्ट्रोमेट्री (एलसी-एचआरएमएस) द्वारा किया गया। परिणामों से जीएससी में एक समृद्ध पॉलीफेनोल प्रोफाइल पता चला। पॉलीफेनोल्स के विभिन्न वर्गों से संबंधित छब्बीस यौगिकों को अस्थायी रूप से पहचाना गया।

साहित्य में, इन पहचाने गए यौगिकों में पोषण संबंधी लाभों के साथ जैवसक्रियता होने की सूचना है। खली में कुल अवशिष्ट वसा सामग्री 1/3 पाई गई और बीज में नमी का स्तर लगभग दोगुना पाया गया। कार्बोहाइड्रेट (78%) प्रमुख पोषण घटक था जिसका अनुसरण आहारीय रेशे(16%) ने किया। मांजरी मेडिका के जीएससी में लगभग 8% प्रोटीन था, जो कई लाभकारी कार्यात्मक गुण प्रदान कर सकता है। इन पोषण मानकों के मूल्यों को भी पिछले अध्ययनों में देखे गए मान के अनुसार पाया गया।

अंगूर त्वचा से सुदृढ़ खाद्य उत्पादों का उत्पादन तथा जैव रासायनिक आंकलन

अंगूर कुकीज़ और अंगूर मफिन केक का अंगूर त्वचा पाउडर की एक अनुकूलित मात्रा डालकर उत्पादन किया गया। सुदृढ़ उत्पादों का एलसी-एचआरएमएस द्वारा पॉलीफेनोल प्रोफाइल और स्पेक्ट्रोफोटोमेट्री द्वारा एंटीऑक्सिडेंट गुण से चरित्रांकन किया गया। सुदृढ़ उत्पादों ने आहारीय रेशा और कार्बोहाइड्रेट की एक बढी हुई मात्रा प्रदान की। नियंत्रण मफिन से डीपीपीएच रेडिकल में 24% का अवरोध उत्पन्न हुआ, जबकि अंगूर की त्वचा से सुदृढ़ वाले मफिन में 55% का अवरोध देखा गया। एबीटीएस जांच के दौरान इसी तरह के अवलोकन दर्ज किए गए थे। अंगूर मफिन में नियंत्रण की तुलना में फिनोल मात्रा भी 50% से अधिक अनुमानित की गई है।

Phytochemical profiling and development of nutraceuticals and value added products from grapes

Analysis of polyphenol profile and nutritional parameters of crude grape seed cake after oil extraction

Grape seed cake (GSC) is a by-product of grape juice industry. The grape pomace generated after processing of Manjari Medika grapes was segregated into seed and skin. Seed was dried and processed into oil by cold press extraction and the remainder grape seed cake (GSC) was analyzed by liquid chromatography-high resolution mass spectrometry (LC-HRMS). The results revealed a rich polyphenol profile in GSC. Twenty six compounds belonging to diverse classes of polyphenols were tentatively identified.

In literature, these identified compounds are reported to have bioactivities with nutritional benefits. The total residual fat content in the cake was found to be 1/3rd and the moisture level was found to be almost double of that in the seed. Carbohydrate (78%) was the major nutritional component followed by dietary fibre (16%). The GSC of Manjari Medika contained about 8% protein, which might offer several beneficial functional properties. The values of these nutritional parameters were also observed to be in accordance to the ones observed in previous studies.

Preparation and biochemical evaluation of grape skin fortified food products

Grape cookies and grape muffin cake were prepared by spiking with an optimised amount of grape skin powder. The fortified products were characterised for their polyphenol profile by LC-HRMS and antioxidant properties spectrophotometrically. The fortified products offered an enhanced value of dietary fibre and carbohydrate. The extract of control muffin resulted in an inhibition of DPPH radical by 24% whereas the grape skin fortified muffin showed an inhibition of 55%. Similar observations were recorded during ABTS assay. The phenol content was also estimated to be higher by more than 50% in grape muffin as compared to control.

एलसी–एचआरएमएस द्वारा अंगूर त्वचा के अर्क की फिनोल प्रोफाइल का तुलनात्मक फाइटोकेमिकल आंकलन

अंगूर के रस और वाइन के रूप में प्रसंस्करण के बाद, अवशेष जैवघन के रूप में पोमेस रह जाता है। इस कार्य में, त्वचा के अंश को साफ किया गया और नमी के इष्टतम स्तर तक सुखाया गया तथा पाउडर के रूप में समरूप बनाया गया। मांजरी मेडिका अंगूर की त्वचा की फिनोल प्रोफाइल का विश्लेषण एलसी–एचआरएमएस द्वारा किया गया और इसकी तुलना जानेमाने वाणिज्यिक किस्मों उदाहरणार्थ कैबर्ने सौविनों एवं सौविनों ब्लाँ के साथ की गई। पहचाने जाने वाले यौगिकों की कुल संख्या मांजरी मेडिका में कैबर्ने सौविनों (36%) और सौविनों ब्लाँ (63%) से अधिक थी। यौगिकों का पूर्ण स्तर भी मांजरी मेडिका में अधिक था, उदाहरण के लिए, पेलार्गोनिडिन–3–ओ–कुमारिलग्लूकोसाइड की गिनती कैबर्ने सौविनों और सौविनों ब्लाँ की तुलना में क्रमश: 42 और 28% से अधिक थी। मांजरी मेडिका और कैबर्ने सौविनों की त्वचा के अर्क में सबसे प्रमुख यौगिक (संसुचक गिनती के संदर्भ में) माल्विडीन–3–ओ–गैलेक्टोसाइड तथा माल्विडीन–3–ओ–6–पी–कुमेरिलग्लूकोसाइड थे।

अंगूर एंथोसाइएनिन क्रियाशील काइटोसान नैनोपार्टिकल

वर्तमान अध्ययन का उद्देश्य एंथोसायनिन क्रियाशील काइटोसान नैनोपार्टिकल्स को तैयार करना और चरित्रांकन करना, इसके बाद जैविक तथा अजैविक स्ट्रैस के प्रति अंगूर में उनकी प्रतिक्रियाओं का आंकलन करना है। मांजरी मेडिका अंगूर का उपयोग एंथोसायनिन निष्कर्षण हेतु किया गया था। अंगूर से निकाले गए एंथोसायनिन को कॉलम क्रोमैटोग्राफी की मदद से शोधित किया गया और अंत में शीत–शुष्कन से सुखाया गया।

इस जांच में, काइटोसान आधारित एंथोसायनिन नैनोपार्टिकल्स को आयनित जिलेटिन विधि द्वारा संश्लेषित किया गया था। काइटोसान (सीएस; 0.5% डब्ल्यू/वी) एसिटिक एसिड (1%, वी/ वी) में विघटित किया गया। काइटोसान घोल को सोडियम ट्राइपोलीफॉस्फेट (टीपीपी) 0.5% (डब्ल्यू/वी) के साथ मिलाया गया और काइटोसान विलयन (प्रत्येक का 100 मिली) के साथ टीपीपी का क्रॉसलिंकिंग एक मग्नेटिक स्टरर का उपयोग करके किया गया। एंथोसायनिन की एक निश्चित मात्रा को काइटोसान–टीपीपी कोलाइडल में मिलाया गया और लगातार क्रियाशीलता के साथ रात भर रखा गया। कोलाइडल

Comparative phytochemical evaluation of grape skin extracts for phenol profile by LC-HRMS

After the processing of grapes for juice and wine, pomace is left behind as the residual biomass. In this work, the skin fraction was cleaned and dried up to an optimum level of moisture content and homogenised to powder form. The phenol profile of Manjari Medika grape skin was analysed by LC-HRMS and compared with commercial varieties of known repute, e.g. Cabernet Sauvignon and Sauvignon Blanc. The total number of compounds identified was higher in Manjari Medika than Cabernet Sauvignon (by 36%) and Sauvignon Blanc (by 63%). The absolute level of the compounds was also higher in Manjari Medika, for example, the detector count of pelargonidin-3-O-coumaroyl-glucoside was higher in Manjari Medika than Cabernet Sauvignon and Sauvignon Blanc by 42 and 28% respectively. The most dominant compounds (in terms of detector counts) in the skin extracts of Manjari Medika and Cabernet Sauvignon were malvidin-3-O-galactoside and malvidin-3-O-6-p-coumaroyl glucoside.

Grape anthocyanin functionalized chitosan nanoparticle

The aim of the present study was to prepare and characterize anthocyanin functionalized chitosan nanoparticles followed by an evaluation of their biotic and abiotic responses on grapes. Manjari Medika grapes were used for anthocyanin extraction. Anthocyanins extracted from grapes were purified with the help of column chromatography and finally dried with freeze-drying.

In this investigation, chitosan-based anthocyanin nanoparticles were synthesized by the ionic gelation method. Chitosan (CS; 0.5% w/v) was dissolved in acetic acid (1%, v/v). Chitosan solution was mixed with sodium tripolyphosphate (TPP) 0.5% (w/v) and crosslinking of TPP with chitosan solution (100ml of each) was performed using a magnetic stirrer. Then a fixed amount of anthocyanin was mixed in chitosan-TPP colloidal and kept overnight with constant stirring. Colloidal were purified by

को अपकेन्द्रण के द्वारा शुद्ध किया गया, लगतार धोने और सोनीकेट करके इसका पीएच 4.5 तक बढ़ाया गया। प्राप्त अर्ध–ठोस मिश्रण का शीत शुष्कन करके कमरे के तापमान पर संग्रहित किया गया।

नैनोपार्टिकल्स के कण आकार, जीटा–क्षमता और बहुरूपता सूचकांक (पीडीआई) को गतिशील प्रकाश बिखराव (डीलएस) का उपयोग करके मापा गया। संश्लेषित नैनोपार्टिकल्स का व्यास 478.2 एनएम के साथ पीडीआई 0.463 और जीटा–क्षमता 16.6 एमवी थी (चित्र 23)। नैनोपार्टिकल्स के स्थायित्व और समान आकार वितरण के लिए जीटा–क्षमता में सुधार लाने और पीडीआई को कम करने पर काम जारी है।

काइटोसान, टीपीपी और एंथोसाइएनिन की परस्परता की पुष्टि हेतु एफटीआईआर विश्लेषण किया गया। एमाइड (सीओ–एनएच$_2$), एनहाईड्रस ग्लाइकोसिडिक और प्राथमिक अमीन (–एनएच$_2$) से संबंधित थोक काइटोसान की विशिष्ट पीक को क्रमशः 1639, 894 और 3384 सेमी$^{-1}$ में देखा गया था।

एंथोसाइएनिन–काइटोसान नैनोपार्टिकल्स के एफटीआईआर स्पेक्ट्रम से स्पष्ट होता है कि 1662 सेमी$^{-1}$ (–सीओएनएच$_2$) और 1594 सेमी$^{-1}$ (–एनएच$_2$) पर पीक तीक्ष्णतर थी तथा 1646 और 1539 सेमी$^{-1}$ में स्थानांतरित हो गईं जो कि काइटोसान नैनो संरचनाओं के साथ एंथोसाइएनिन सम्बन्ध को दर्शाता है (चित्र 24 ए और बी)।

इसके बाद नमूनों को फिर ट्रांसमिशन इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और एसईएम–एक्स–रे डिफ्रेक्शन से विश्लेषण किया गया।

centrifugation, followed by repeated washing and sonication to raise pH up to 4.5. The semi-solid mixture obtained was freeze-dried and stored at room temperature.

The particle size, zeta-potential, and polydispersity index (PDI) of the nanoparticles were measured using dynamic light scattering (DLS). The synthesized nanoparticles have diameter 478.2 nm with PDI 0.463 and zeta-potential was 16.6 mV (Fig. 23). The work on improving zeta-potential and reducing the PDI for stability and uniform size distribution of nanoparticles is in progress.

The FTIR analysis was run to confirm the interaction of chitosan, TPP and anthocyanin. Specific peaks related to amide (CO-NH$_2$), anhydrous glycosidic and primary amine (-NH$_2$) of bulk chitosan were observed at 1639, 894 and 3384 cm^{-1} respectively.

The FTIR spectrum of Anthocyanin-chitosan nanoparticles strongly showed that peaks at 1662 cm^{-1} (-CONH$_2$) and 1594 cm^{-1} (-NH$_2$) were sharper and shifted to 1646 and 1539 cm^{-1} which denotes Anthocyanin bonding with chitosan nano-structures. (Fig. 24 a and b).

The samples were then further analysed with Transmission Electron Microscopy and SEM-X-ray Diffraction Analysis.





चित्र 23. डीएलएस विश्लेषण एन–सीएस एनपीएस (ए) आकार वितरण की गहता से और (बी) जीटा–क्षमता वितरण
Fig. 23. DLS analysis of An-CS NPs (a) size distribution by intensity and (b) zeta potential distribution



चित्र 24. एफटीआईआर स्पेक्ट्रा विश्लेषण (ए) थोक काइटोसान और (बी) एन–सीएस एनपीएस

Fig. 24. FTIR spectra analysis of (a) bulk chitosan and (b) An-CS Nps

VI. अंगूर और इसके प्रसंस्कृत उत्पादों में खाद्य सुरक्षा

VI. Food Safety in Grapes and its Processed Products

कृषि वस्तुओं और प्रसंस्कृत उत्पादों में कृषिरसायन अवशेषों और संदूषित पदार्थों का विश्लेषण और सुरक्षा मूल्यांकन

अंगूर में एमआरएल बदलाव के संदर्भ में नई पीढ़ी के कीटनाशकों की अपव्यय दर पर अध्ययन

अंगूर में एक क्षेत्र अपव्यय अध्ययन हेक्जाकोनाजोल + कार्बेन्डाजिम, पाइरेक्लोस्ट्रॉबिन, क्लॉथियानिडिन, क्रेसोक्सिम मिथाइल + मेंकोज़ेब, प्रोफ़ाइट और ग्लूफ़ोसाइनेट अमोनियम का अनुशंसित सिफ़ारिश (आरडी) और अनुशंसित दुगुना सिफ़ारिश (डीआरडी) का अपव्यय काइनेटिक्स और तुड़ाई पूर्व अंतराल (पीएचआई) का आंकलन हेतु आयोजित किया गया

Analysis and safety evaluation of agrochemical residues and contaminants in agricultural commodities and processed products

Studies on dissipation rate of new generation pesticides with reference to changing MRLs in grapes

A field dissipation study was conducted in grapes to evaluate dissipation kinetics and pre-harvest interval (PHI) for Hexaconazole + Carbendazim, Pyraclostrobin, Clothianidin, Kresoxim methyl + Mancozeb, Prophite and Glufosinate ammonium at the recommended dose (RD) and double the

(चित्र 25)। कीटनाशक, नामत:, स्पाइरोटेट्रामेट और स्पाइरोटेट्रामेट+ इमिडाक्लोप्रिड, में यह अनुशंसित सिफारिश में ही किया गया। हेक्जाकोनाज़ोल + कार्बेन्डाजिम, पाइरक्लोस्ट्रॉबिन, क्लोथियानिडिन, क्रेसोक्सिम मिथाइल + मेंकोजेब, स्पाइरोटेट्रामेट और स्पाइरोटेट्रामेट + इमीडाक्लोप्रिड के पीएचआई क्रमशः 60, 45, 60, 66, 30 और 30 दिन थे।

A total of five meetings of Institute Technology Management Committee (ITMC) were held to scrutinize and discuss various issues. A meeting was held to discuss status of technology "Strain DR-39 of Bacillus Subtilis" and outline further course of action for its commercialization with Agrinnovate India Limited, New Delhi on 24.02.2020.

Filing for the online patent application No. 202011014416 entitled 'Method for extraction of grape seed oil comprising bioactive compounds from Manjari Medika variety of grape' completed.

Form III was filed on 19.12.2020 for approval from NBA for patent application number 201811033379 entitled 'Isolation and Identification of Novel Attractant Pheromone for Pink Mealybug and its Method of Synthesis' with application No. INBA3202002340.

Response was filed for following First Examination Report from IPO during the year for 'A method for preparation of enriched yoghurt' on 22.11.2020.

Component-II of the XII Plan Scheme 'National Agriculture Innovation Fund (NAIF)'

Agri-Business Incubation (ABI) Centre activities

The ABI centre has to support the activities like entrepreneur development, support the startups, establishment of FPCs, FPOs, etc. During the year, meetings were arranged to update the students on ABI activities and attract them to join ABI centre. The details of activities of ABI centre are given below.

1. एम. टेक (फूड टेक्नोलॉजी) खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, एमआईटी–एडीटी विश्वविद्यालय, पुणे के अंतिम वर्ष के छात्रों के साथ बैठक का आयोजन 07 मार्च, 2020 को किया गया था।
2. बैठक–सह–प्रशिक्षण 27 फरवरी, 2020 को आयोजित हुई जिसमें किसानों और बागवानी विभाग, थेनी (तमिलनाडु) के अधिकारियों सहित कुल 45 प्रतिभागियों ने भाग लिया।
3. केवीके, नारायणगांव, पुणे के अधिकारियों के साथ 27 जुलाई, 2020 को एक पारस्परिक बैठक आयोजित की गई जिसमें मांजरी मेडिका प्रौद्योगिकियों पर चर्चा हुई।
4. सांगली से श्री संतोष नलवाडे के साथ 05 नवंबर, 2020 को बैठक आयोजित हुई जिसमें अंगूर सुखाने और मांजरी मेडिका प्रौद्योगिकियों के मुद्दों पर चर्चा हुई।
5. भाकृअनुप–राअंअनुके, पुणे के एबीआई केंद्र की सलाहकार समिति की एक बैठक 25 नवंबर, 2020 को आयोजित की गई थी। इस बैठक में श्री संतोष शिंटरे (स्टार्टअप के लिए), श्री संतोष नलवाडे (स्टार्टअप के लिए) और श्री विवेक उगले (ईडीपी के लिए) से प्राप्त तीन प्रस्तावों पर चर्चा हुई।
6. भाकृअनुप–राअंअनुके, पुणे की उपलब्ध तकनीकों और सेवाओं की जानकारी देने हेतु 05 दिसंबर, 2020 को तीन महाविद्यालयों, कृषि महाविद्यालय, सेलू (वीएनएमकेवी, परभनी), छत्रपति शिवाजी कृषि महाविद्यालय, ओरोस किर्लोस (डॉ बीएसकेकेवी, दापोली) और केके वाघ कृषि महाविद्यालय, नासिक (एमपीकेवी, राहुरी) के अंतिम वर्ष के छात्रों के साथ ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई, जिसमें कुल 98 सहभागी थे।
7. भाकृअनुप–राअंअनुके, पुणे की उपलब्ध तकनीकों और सेवाओं को प्रदान करने के लिए विभिन्न महाविद्यालयों, कृषि महाविद्यालय, बदनापुर (वीएनएमकेवी, परभनी), कृषि महाविद्यालय, फलटन, श्रीमंत शिवाजीराजे बागवानी

1. A meeting with M. Tech. (Food Technology) final year students of College of Food Technology, MIT – ADT University, Pune was organized on March 07, 2020.
2. A total of 45 participants including farmers and officials from Department of Horticulture, Theni (T.N) participated in meeting-cum-training organized on February 27, 2020.
3. An interactive meeting was organized on July 27, 2020 with officials of KVK, Narayangaon, Pune where Manjari Medika technologies were discussed.
4. Meeting organized with Mr. Santosh Nalawade from Sangli on November 05, 2020 to discuss issues on drying of grapes and Manjari Medika technologies.
5. An interaction of Advisory committee of ABI Centre of the institute was held on November 25, 2020. In this meeting, discussion was carried out on three proposals received from Mr. Santosh Shintre (for Startup), Mr. Santosh Nalawade (for Startup) and Mr. Vivek Ugale (for EDP).
6. An online meeting was convened on 05 December, 2020 to introduce technologies and services available at ICAR– NRC for Grapes to final year students of three colleges viz., College of Agriculture, Selu (VNMKV, Parbhani), Chhatrapati Shivaji College of Agriculture, Oros Kirlos (Dr. BSKKV, Dapoli) and K. K. Wagh College of Agriculture, Nashik (MPKV, Rahuri) in which a total of 98 students participated.
7. An Online meeting was convened to introduce technologies and services available at ICAR – NRC for Grapes to final year students of different colleges viz., College of Agriculture, Badnapur (VNMKV, Parbhani), College of Agriculture,

महाविद्यालय फलटन (एमपीकेवी, राहुरी), कृषि–व्यवसाय प्रबंधन, संगमनेर (एमपीकेवी, राहुरी) और आदित्य कृषि जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, बीड (वीएनएमकेवी, परभणी) के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक ऑनलाइन बैठक बुलाई गई थी जिसमें कुल 98 छात्रों ने भाग लिया। यह ऑनलाइन बैठक 07 दिसंबर, 2020 को आयोजित की गई थी।

Phaltan, Shreemant Shivajiraje College of Horticulture, Phaltan (MPKV, Rahuri), College of Agri-Business Management, Sangamner (MPKV, Rahuri) and Aditya College of Agricultural Biotechnology, Beed (VNMKV, Parbhani) in which a total of 98 (ninety eight) students participated. This online meeting was organized on December 07, 2020.

भाकृअनुप–अभासंअनु परियोजना–फल (अंगूर)

भाकृअनुप–राअंअनुके, पुणे अभासंअनुप प्रारूप के तहत नौ केंद्रों यानि कि लुधियाना, मंदसौर, नई दिल्ली, पेरियाकुलम, पुणे (भाकृअनुप–राअंअनुके), पुणे (एआरआई), राहुरी, राजेंद्रनगर और विजयपुरा को आवंटित अंगूर के प्रयोगों के लिए एक समन्वय केंद्र के रूप में काम कर रहा है। इसके अलावा संस्थान भाकृअनुप–अभासंअनुप–फल के तहत अंगूर में काम कर रहा है। वर्तमान में, अभासंअनुप के सात परीक्षण चल रहे हैं।

ICAR-AICRP on Fruit (Grapes)

ICAR-NRC for Grapes, Pune is a coordinating centre for grape experiments allotted to nine centres *i.e.* Ludhiana, Mandsaur, New Delhi, Periyakulam, Pune (ICAR-NRCG), Pune (ARI), Rahuri, Rajendranagar and Vijaypura under AICRP mode. Apart from above, institute is also working on grapes under ICAR-AICRP on Fruits. Currently, there are seven ongoing AICRP trials.

रंगीन अंगूर किस्मों का मूल्यांकन (1.4.7.जीआर.)

छह रंगीन अंगूर की किस्में नामत: रैड ग्लोब, फैंटासी सीडलैस, क्रिमसन सीडलैस, मांजरी श्यामा, नानासाहेब पर्पल सीडलैस और शरद सीडलैस (चैक) का फलाद्गमिकी, फल लक्षणों और उपज संबंधित मापदंडों के लिए आकलन किया गया। पुष्पन अवधि (नवंबर, 2019) के दौरान डाउनी मिल्डयू के कारण इन किस्मों में पर्याप्त उपज नुकसान हुआ। रैड ग्लोब, नानासाहेब पर्पल सीडलैस, मांजरी श्यामा, फैंटासी सीडलैस और शरद सीडलैस में तुड़ाई के लिए क्रमशः 142, 127, 128, 128 और 129 दिन लगे।

Evaluation of coloured table varieties (1.4.7.Gr.)

Six coloured table grape varieties viz. Red Globe, Fantasy Seedless, Crimson Seedless, Manjari Shyama, Nanasaheb Purple Seedless and Sharad Seedless (check) were evaluated for phenological, fruit characters and yield related parameters. Due to heavy incidence of downy mildew during flowering period (November, 2019), substantial yield losses occurred in these varieties. Red Globe, Nanasaheb Purple Seedless, Manjari Shyama, Fantasy Seedless and Sharad Seedless took 142, 127, 128, 128 and 129 days respectively to harvest.

किशमिश किस्मों का मूल्यांकन (1.4.8.जीआर.)

चार किशमिश उद्देश्य अंगूर की किस्मों जैसे कि मर्बिन सीडलैस, 2 ए–क्लोन, मांजरी किशमिश और थॉमसन सीडलैस का उपज, गुणवत्ता और संवेदी मापदंडों के लिए आकलन किया जा रहा है। मर्बिन सीडलैस को 22–23 °ब्रिक्स प्राप्त करने में न्यूनतम दिन लग गए, जबकि मांजरी किशमिश को मर्बिन सीडलैस की तुलना में एक सप्ताह अधिक लगे। हालांकि मांजरी किशमिश में गुच्छा–वजन न्यूनतम था, 100 मणि वजन (143 ग्राम) और किशमिश की रिकवरी (25.2%) अधिकतम थी। मांजरी किशमिश के लिए बेहतर संवेदी स्वीकृति दर्ज की गई, जिसके बाद थॉमसन सीडलैस थी।

Evaluation of raisin varieties (1.4.8.Gr.)

Four raisin purpose grape varieties such as Merbein Seedless, 2A-Clone, Manjari Kishmish and Thompson Seedless are being evaluated for yield, quality and sensory parameters. Merbein Seedless took minimum number of days to attain 22-23°B, while Manjari Kishmish required a week more than the Merbein Seedless. Although the bunch weight was minimum in Manjari Kishmish, 100 berry weight (143 g) and raisin recovery (25.2%) was maximum. Better sensory acceptance was recorded for Manjari Kishmish followed by Thompson Seedless.

रस किस्मों का मूल्यांकन (1.4.9.जीआर.)

मांजरी मेडिका, गुलाबी × बैंगलोर पर्पल, एच 516, अर्का

Evaluation of juice varieties (1.4.9.Gr.)

Manjari Medika, Gulabi × Bangalore Purple, H 516, Arka Shyam and Bangalore Blue (check) were

श्याम और बैंगलोर ब्लू (चैक) का रस उद्देश्य के लिये आकलन किया गया। सभी किस्में अगेती थीं और फल पकने में लगभग 125 दिन लगे। अर्का श्याम में अधिकतम फलदार केन दर्ज किए गए। गुलाबी × बैंगलोर पर्पल में उपज 1.42 किग्रा/लता से 9.27 किग्रा/लता एच 516 में अभिलिखित की गई। मांजरी मेडिका में रस वसूली और रस रंग की तीव्रता अधिक दर्ज की गई जिसका अनुसरण एच 516 द्वारा किया गया। ये दोनों किस्में समग्र रूप से स्वीकार्यता के साथ संवेदी मूल्यांकन में अधिकतम थीं और बैंगलोर ब्ल्यू (चैक किस्म) की तुलना में बेहतर थीं।

विभिन्न मूलवृन्तों पर वाणिज्यिक अंगूर की किस्मों का मूल्यांकन (2.4.1.जीआर.)

चार मूलवृन्तों (डॉगरिज, 1103पी, एसओ 4 और 110 आर) पर थॉमसन सीडलैस के प्रदर्शन का उपज और गुणवत्ता के संबंध में आंकलन हेतु प्रयोग शुरू किया गया। प्रथम वर्ष 4–7 गुच्छों के साथ फलन प्राप्त किया गया था, लेकिन गुच्छे डाउनी मिल्ड्यू की घटना के कारण सूख गए।

अंगूर में तुड़ाई पश्चात हानि का आंकलन (4.4.1.जीआर.)

2019–20 के फलत मौसम के दौरान अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से लेकर नवंबर के पहले सप्ताह तक भारी और लगातार बारिश दर्ज की गई। अगेती छंटाई वाली लताएं बुरी तरह से प्रभावित हुईं और महाराष्ट्र में अंगूर की लगभग 30% फसल नष्ट हो गई। देर से छंटाई किए गए अंगूरबाग लॉकडाउन के कारण प्रभावित रहे। मजदूरों की अनुपलब्धता के कारण किसान फल–गुच्छों की तुड़ाई करने में असमर्थ थे। हालांकि, दस किसानों से तुड़ाई पश्चात हानि के बारे में जानकारी देने के लिए संपर्क किया गया था।

आंकड़ों से पता चला है कि गाँठ से ऊपर कटाई का 100% पालन किया गया, इसका अनुसरण अंगूर से भरी क्रेट को छाया में रखने (90%) और क्रेट में लाइनिंग (80%) ने किया । जबकि, सुबह 10 बजे से पहले अंगूर की तुड़ाई और 2 घंटे से अधिक क्रेट को अंगूरबाग में न रखने का अनुपालन न्यूनतम (10%) था। अंगूर की तुड़ाई, परिवहन और खुदरा बिक्री के आंकड़े (साक्षात्कार के माध्यम से) एकत्र होने पर केवल 9.9% हानि दर्ज की गई।

डिजिटल रोग मानचित्र विकसित करने हेतु महत्वपूर्ण रोगों के लिए अंगूर उत्पादक क्षेत्रों का सर्वेक्षण (6.4.1.जीआर.)

अंगूर के आम रोगों नामत: डाउनी मिल्ड्यू, पाउडरी मिल्ड्यू, एन्थ्रेक्नोज तथा बैक्टीरियल लीफ स्पॉट हेतु फलत छंटाई

evaluated for juice purpose. All the varieties were early to ripe and took approximately 125 days after fruit pruning to harvest. Maximum fruitful canes were recorded in Arka Shyam. Yield ranged from 1.42 kg/vine in Gulabi × Bangalore Purple to 9.27 kg/vine in H 516. Highest juice recovery and juice colour intensity was recorded in Manjari Medika followed. These two varieties also scored maximum in sensory evaluation including overall acceptability and found superior than the Bangalore Blue (check variety).

Evaluation of commercial grape varieties on different rootstocks (2.4.1.Gr.)

Experiment was initiated to evaluate performance of Thompson Seedless on four rootstocks (Dogridge, 1103P, SO4 and 110R) with respect to yield and quality. First year fruiting was obtained with 4-7 bunches per vine, but bunches dried due to severe incidence of downy mildew.

Assessment of post-harvest losses in grapes (4.4.1.Gr.)

During fruiting season of 2019-20 heavy and continuous rains from last week of October to first week of November was recorded. Early pruned vines were badly affected and about 30% grape were damaged in Maharashtra. The late pruned vineyards also suffered due to lockdown. Farmers were unable to harvest the produce due to labour unavailability. However, ten farmers were contacted to generate data on post-harvest losses.

The data revealed that the cutting above knot was complied by 100% followed by placing of grape filled crates in shade (90%) and lining of crates (80%). While, harvesting of grapes before 10 AM and staying of filled crates in vineyards not more than 2 hours was least complied (10%). Only 9.9% losses were recorded in grapes when data (through interview) was collected at harvesting, transport and retailing.

Survey of grape growing areas for important diseases to develop digital disease map (6.4.1.Gr.)

Surveys were conducted in Pune, Jalna, Solapur, Nashik and Sangli during fruit pruning season from October 2019 to March 2020 for the common

अक्टूबर 2019 से मार्च 2020 के दौरान पुणे, जालना, सोलापुर, नासिक और सांगली में सर्वेक्षण किए गए। 61–90 दिन पश्चात, अधिकतम घटनायें डाउनी मिल्ड्यु की पीडीआई 10.4 (5.1–15.7) के साथ दर्ज़ की गईं जबकि 1.1 पीडीआई (0–2.2) के साथ एन्थ्रेक्नोज की न्यूनतम थीं। 91–140 दिन पश्चात, अधिकतम घटनायें डाउनी मिल्ड्यू की पीडीआई 6.3 (0–12.6) के साथ दर्ज़ की गईं और 4.8 (0.0–9.6) के साथ बैक्टीरियल लीफ स्पॉट न्यूनतम थीं।

इस अभासंअनुप परीक्षण के तहत आधारीय छंटाई के पश्चात अप्रैल–सितंबर, 2019 के दौरान अंगूर के चौबीस बागों का सर्वेक्षण किया गया था। इस अवधि के दौरान 2.6 से 11.2 तक पीडीआई के साथ केवल एन्थ्रेक्नोज देखा गया था। कुछ लताओं में 1.3–2.7 के पीडीआई के साथ बैक्टीरियल लीफ स्पॉट भी देखे गए।

अक्टूबर 2019 से सितंबर 2020 की अवधि के रोग (पीडीआई) सर्वेक्षण के आंकड़ों पर लुधियाना, राजेंद्रनगर, राहुरी, विजयपुरा, पेरियाकुलम, मंदसौर और पुणे अभासंअनुप केन्द्रों के लिए डिजिटल रोग मानचित्र तैयार किए गए (चित्र 28)। कुल 65 डिजिटल मानचित्र अभासंअनुप केन्द्रों हेतु फसल वृद्धि चरण से संबन्धित अंगूर रोग घटनाओं के सर्वेक्षण आंकड़ों हेतु विकसित किए गए।

diseases of grapes viz. downy mildew, powdery mildew, anthracnose and bacterial leaf spot. During 61-90 days maximum disease incidence was recorded for downy mildew having a PDI of 10.4 (5.1-15.7) and minimum for Anthracnose with PDI of 1.1 (0-2.2). During 91-140 days, maximum disease incidence was recorded for downy mildew having a PDI of 6.3 (0-12.6) and minimum for Bacterial leaf spot with PDI of 4.8 (0.0-9.6).

Under this AICRP trial, twenty four vineyards were surveyed after foundation pruning during April-September 2019 by this Centre. Only anthracnose was observed during this period with a PDI ranging from 2.6 to 11.2. In some vines bacterial spot were also observed with a PDI of 1.3 -2.7.

Digital disease maps were prepared for Ludhiana, Rajendranagar, Rahuri, Vijayapura, Periyakulam, Mandsaur and Pune AICRP Centers for disease (PDI) survey data for the period Oct 2019 – Sep 2020 (Fig. 28). A total number of 65 digital maps based upon survey data of grape disease incidence with respect to crop growth stage were developed.



चित्र 28. डिजिटल रोग मानचित्र

Fig. 28. Digital disease maps

समाप्त परियोजनाएं

अंगूर के सामान्य प्रसंस्कृत उत्पादों की पोषण गुणवत्ता और सुरक्षा मूल्यांकन (एफएसएसएआई द्वारा वित्त पोषित)

मुख्य उपलब्धियां

भारतीय किशमिश की व्यापक पोषण गुणवत्ता का मूल्यांकन नासिक, सांगली, सोलापुर, पुणे और विजयापुर के किशमिश उत्पादक क्षेत्रों से एकत्र किए गए 56 नमूनों में किया गया था। औसत पोषण संरचना नीचे तालिका 24 में दी गई है।

Completed projects

Nutritional quality and safety evaluation of common processed products of grape (funded by FSSAI)

Salient Achievements

Comprehensive nutritional quality evaluation of Indian raisins were done for 56 samples collected from raisin producing regions of Nashik, Sangli, Solapur, Pune and Vijayapura. The average nutritional composition is as given below in Table 24.

तालिका 24. भारतीय किशमिश की पोषण संरचना

Table 24. Nutritional composition of Indian raisins

क्रमांक S. No	मापदंड Parameters	औसत सीमा Average Range
1	कुल कार्बोहाइड्रेट (ग्रा/100 ग्रा)Total Carbohydrate (g/100g)	70.07-79.90
2	कुल प्रोटीन (ग्रा/100 ग्रा) Total Protein (g/100g)	3.38-4.22
3	कुल स्टार्च (ग्रा/100 ग्रा) Total starch (g/100g)	1.05-1.37
4	खनिज (मिग्रा/100 ग्रा) Minerals (mg/100g)	
	कैल्शियम Ca	46.55-72.76
	सोडियम Na	12.77-15..61
	पोटाश K	771.42-1021.59
	मेंग्निशियम Mg	9.08-38.85
	जिंक Zn	0.20-0.32
	कॉपर Cu	0.18-0.37
	आयरन Fe	3.28-5.71
	मेंगनीज Mn	0.30-0.45
	फोस्फोरस P	82.45-107.71
5	अमीनो अम्ल (कुल अमीनो अम्ल का प्रतिशत) Amino acids (in % of total amino acids)	
	ट्रिप्टोफैन Tryptophan	29.29-54.91
	प्रोलीन Proline	28.99-64.81
	टाइरोसिन Tyrosine	2.17-26.09
6	शर्करा (ग्रा/100 ग्रा) Sugar (g/100 g)	
	ग्लूकोज Glucose	15.75-21.07
	फ्रक्टोज Fructose	16.78-22.51
7	विटामिन बी (मिग्रा/100 ग्रा) Vitamin B (mg/100g)	0.02-3.46

विभिन्न क्षेत्रों से एकत्र किए गए वाइन नमूनों (30 नमूनों) का पोषण गुणवत्ता आकलन किया गया था और कुल कार्बोहाइड्रेट और फिनोल सामग्री क्रमशः 0.81–1.51 मिग्रा/मिली और 1.88–2.83 ग्रा/ली दर्ज की गई।

अंगूर बीज तेल में वसा अम्ल संरचना की रूपरेखा के लिए जीसी–एफआईडी और जीसी–एमएस/एमएस द्वारा विश्लेषण की एक विधि स्थापित की गयी। बाजार से विभिन्न अंगूर बीज तेल (10 संख्या) का वसीय अम्ल प्रोफाइल (37 वसा अम्ल) किया गया तथा अंगूर के शुद्ध बीज तेल से तुलना की गयी। केवल 2 नमूने शुद्ध तेल के वसा अम्ल प्रोफाइल के साथ मेल नहीं खाये, जो मिलावट के कारण हो सकते हैं।

इन 10 अंगूर तेल नमूनों का कीटनाशक अवशेषों के लिए भी विश्लेषण किया गया था। 276 कीटनाशकों का एलसी–एमएस/एमएस और 69 कीटनाशक का जीसी–एमएस / एमएस द्वारा विश्लेषण के लिए अवशेष निष्कर्षण प्रक्रिया मानकीकृत की गयी। सभी विश्लेष्यकों हेतु 10 मिग्रा/किग्रा की एलओक्यू प्राप्त की गयी थी। केवल 6 नमूनों ने एलओक्यु स्तर से ऊपर किसी एक कीटनाशक अवशेषों की उपस्थिति दिखाई। कीटनाशक डाईमेथोमोर्फ (0.01–0.9 मिग्रा/किग्रा), टेबुकोनाज़ोल (0.01 – 0.02 मिग्रा/किग्रा) और ऐसीफेट (0.08 मिग्रा/किग्रा) प्रमुख थे।

किशमिश, वाइन और अंगूर बीज तेल हेतु एक बहु–कवकविष (अफ़्लाटॉक्सिन बी1, बी2, जी1 तथा जी2, और ओक्राटॉक्सिन–ए) निष्कर्षण और विश्लेषण विधि अनुकूलित की गयी। इस विधि में मेथनॉलिक निष्कर्षण, प्रतिरक्षा सादृश्य कॉलम पर परिशोधन के बाद यूएचपीएलसी–एफ़एलडी विश्लेषण शामिल है। विभिन्न मेट्रिक्स में सभी विश्लेष्यों के लिए 0.5 ग्रा/किग्रा का एलओक्यू प्राप्त किया गया था।

मानक विश्लेषणात्मक प्रोटोकॉल द्वारा 300 से अधिक कीटनाशक अवशेषों के लिए 56 किशमिश नमूनों में सुरक्षा आकलन किया गया। प्रमुखत: लैम्ब्डा साइहेलोथ्रिन और कार्बेन्डाजिम के अवशेष क्रमश: 0.01 से 0.144 और 0.10 से 2.64 मिग्रा/किग्रा की सांद्रता में पाए गए। बहु–कवकविष का यूएचपीएलसी –एफएलडी द्वारा विश्लेषण किया गया। कुल अफ़्लाटॉक्सिन और ओक्राटॉक्सिन सांद्रता क्रमशः 0.41 से 6.73 और 0.2 से 2.39 माइक्रोग्रा/किग्रा के बीच थी।

वाइन नमूनों (30) का सुरक्षा आकलन बहु–अवशेष कीटनाशकों, बहु–कवकविष, भारी धातुओं और एलर्जी के

Nutritional quality evaluation of wine samples collected from different regions (30 samples) were done and total carbohydrates and phenol content, ranged from 0.81-1.51 mg/mL and 1.88-2.83 g/L respectively.

An analytical method for profiling of fatty acid composition in grape seed oil was established by GC-FID and GC-MS/MS analysis. Fatty acid profile (37 fatty acids) of different grape seed oil (10 numbers) from market was done and compared with pure grape seed oil. Only 2 samples did not match with the Fatty Acid profile of pure grape seed oil, which could be due to adulteration.

These 10 grape seed oil samples were also analysed for pesticide residues. Pesticide residue extraction procedure for 276 pesticides amenable to LC-MS/MS and 69 pesticides amenable to GC-MS/MS was standardized. LOQ of 10 mg/kg was achieved for all analytes. Only 6 samples showed the presence of one or other pesticide residues above the LOQ level. Major pesticide detected were dimethomorph (0.01-0.9 mg/kg), tebuconazole (0.01-0.02 mg/kg) and acephate (0.08 mg/kg).

A multi-mycotoxin (Aflatoxin B1, B2, G1 and G2; and Ochratoxin-A) extraction and analytical method was optimized for raisin, wine and grape seed oil. The method involves methanolic extraction, immune affinity column cleanup followed by UHPLC-FLD analysis. A LOQ of 0.5 µg/kg was achieved for all analytes in different matrices.

Safety evaluation was carried out in 56 raisin samples for more than 300 pesticide residues by standard analytical protocol. Lambda cyhalothrin and carbendazim were the major residues found, with the concentration ranging between 0.01 to 0.144 and 0.10 to 2.64 mg/kg respectively. Multi-mycotoxins by UHPLC-FLD was also analysed. The total aflatoxin and Ochratoxin concentration ranged between 0.41 to 6.73 and 0.2 to 2.39 µg/kg respectively.

Safety evaluation of wine samples (30 nos.) were carried out with respect to multi-residue pesticides,

संबंध में किया गया। विश्लेषण किए गए कुल नमूनों में से, 7 में कवकविष की उपस्थिति देखी गई जबकि 4 नमूनों में एलओक्यू स्तर से ऊपर ओक्राटॉक्सिन–ए की उपस्थिति देखी गई। विश्लेषण किए गए सभी नमूनों में कोई भी ऐलर्जेन मौजूद नहीं थे। इसके अलावा, 67% नमूनों में किसी एक कीटनाशक अवशेषों की उपस्थिति एमआरएल स्तर के नीचे पाई गयी।

multi-mycotoxins, heavy metals and allergens. Out of the total samples analyzed, 7 samples showed the presence of mycotoxins whereas 4 samples showed the presence of Ochratoxin-A above LOQ level. No allergens were present in all the samples analyzed. Further, 67% of the samples showed the presence of one or other pesticide residues below the MRL level.

***

उत्तर-पूर्व पर्वतीय, आदिवासी उप योजना और अनुसूचित जाति उप योजना कार्यक्रम
Programme for NEH, TSP and SCSP

एनईएच

एनईएच और टीएसपी कार्यक्रम को बागवानी विभाग, मिज़ोरम राज्य के सहयोग से मुख्यत: मिज़ोरम के चंपाई जिले में लागू किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य मिजोरम में अंगूर उद्योग का विकास है। अंगूर की लगभग सभी खेती चंपाई जिले में बैंगलोर ब्लू किस्म के ऊपर केंद्रित है।

प्रक्षेत्र प्रदर्शन

दस उत्पादकों के अंगूर बागों में बैंगलोर ब्लू में समान स्फुटन हेतु हाइड्रोजन साइनामाइड का अनुप्रयोग, उर्वरक और पादप सुरक्षा के लिए केंद्र द्वारा अनुसंशित अनुसूची का प्रक्षेत्र प्रदर्शन किया गया था। । अधिकांश क्षेत्रों में छंटाई फरवरी, 2020 के पहले से दूसरे सप्ताह के दौरान आयोजित की गई थी। हालांकि, मार्च, 2020 के प्रथम सप्ताह से स्फुटन शुरू हो गया था। विलंबित स्फुटन मुख्य रूप से तापमान में गिरावट और हाइड्रोजन के विलंबित अनुप्रयोग के कारण देखा गया था। हाइड्रोजन साइनाइमाइड अनुप्रयोगित अंगूर बागों में बिना हाइड्रोजन साइनामाइड अनुप्रयोग वाले बागों की अपेक्षा समान व अगेती कली स्फुटन के साथ गुच्छा उद्भव देखा गया। यहां तक कि समान आकार एवं बड़ी मणियों के साथ उपज में वृद्धि भी देखी गई।

प्रदर्शन वाले भूखंडों में औसतन 2194.4 किग्रा/एकड़ की औसत उत्पादकता की तुलना में सामान्य भूखंडों में जहां केंद्र का अनुसंशित पैकेज लागू नहीं किया गया था, 452.34 किग्रा/एकड़ दर्ज की गई थी। इस प्रकार औसतन, प्रदर्शन भूखंड के किसानों ने अन्य किसानों से 87051/- रुपये प्रति एकड़ अधिक कमाया।

रोपण सामग्री

श्री पू कुंगा, उप निदेशक, बागवानी विभाग, आइजोल को मांजरी मेडिका की कुल 60 कटिंग और 60 ग्राफ्टेड लतायें प्रदान की गईं। संबंधित व्यक्तियों को कलमित लताओं तथा कटिंग को लगाने का प्रदर्शन भी दिया गया।

NEH

The programme of NEH and TSP is being implemented mainly in Champhai district of Mizoram in collaboration with Department of Horticulture, Mizoram State. The main objective is development of grape industry in Mizoram. Almost all the grape cultivation is concentrated in Champhai district with Bangalore Blue variety.

Field Demonstration

Field demonstration of Centre's schedule on hydrogen cyanamide application for uniform sprouting, fertilizer and plant protection in Bangalore Blue was carried out on ten growers' vineyards. In most of the areas, pruning was conducted during 1st to 2nd week of the February, 2020. However, sprouting started from 1st week of March, 2020. Delayed sprouting was observed mainly due to drop in temperature and late application of hydrogen cyanamide. Uniform and early bud sprout as well as bunch emergence was observed in hydrogen cyanamide applied vineyards as compared to vineyards where no hydrogen cyanamide was applied. Even sized and bold berries with increased yield were also observed.

Average productivity of 2194.4 kg/acre was recorded in demonstration plots as compared to 452.34 kg/acre in plots where Centre's package was not applied. Thus, on an average, farmers of demonstration plot earned Rs 87051/- per acre over other farmers.

Planting material

A total of 60 cuttings and 60 grafted vines of Manjari Medika were provided to Mr. Pu Kunga, Dy Director, Department of Horticulture, Aizawl. The planting of grafted vines and cutting were demonstrated to the concerned person.

क्षमता निर्माण कार्यक्रम

एनईएच योजना के तहत चंपाई में अंगूर उत्पादकों हेतु 5 फरवरी, 2020 को मिज़ोरम सरकार के बागवानी विभाग के सहयोग से 'अंगूर में पोषक तत्व, कीट और वितान प्रबंधन' पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया (चित्र 29)। कार्यक्रम में लगभग 100 अंगूर उत्पादकों ने भाग लिया। डॉ रा.गु. सोमकुवर, डॉ अ.कु. उपाध्याय और डॉ दी.सिं. यादव ने अंगूर उत्पादकों को अंगूर की खेती के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन किया। उत्पादकों को (i) क्षेत्र में उपलब्ध न्यूनतम तापमान के आधार पर छंटाई की तारीखों में समायोजन, (ii) छंटाई के बाद हाइड्रोजन साइनाइमाइड की आवश्यकता, (iii) नए अंगूर बाग की स्थापना के लिए गुणवत्ता रोपण सामग्री का उपयोग, (vi) मणियों में शर्करा विकास के लिए सूर्य प्रकाश उतपत्ति हेतु ऊर्ध्वाधर शूट पोजिशनिंग के पालन की आवश्यकता, (v) मणि विकास हेतु पर्ण प्रतिधारण, (vi) फसल की वृद्धि अवस्था के आधार पर आवश्यकता के अनुसार पोषक तत्वों का उपयोग, (vii) पर्यावरण के अनुकूल कीट प्रबंधन विधियों, की सलाह दी गई ।

Capacity building programme

A training program on 'Nutrient, pests and canopy management in grape' was organized for grape growers on 5th February, 2020 at Champhai under NEH Scheme in collaboration with Department of Horticulture, Govt. of Mizoram (Fig. 29). About 100 grape growers participated in the program. Dr. R. G. Somkuwar, Dr. A.K. Upadhyay and Dr. D.S. Yadav, guided the grape growers on different aspects of grape cultivation. Growers were advised on (i) adjustment in pruning dates based on the minimum temperature available in the area, (ii) necessity of hydrogen cyanamide after pruning, (iii) use of quality planting material for establishing new vineyard, (iv) need to follow vertical shoot positioning considering the harvest of sunlight for developing sugar in berries, (v) leaf retention for berry development, (vi) use of nutrients as per requirement based upon crop growth stage, (vii) use of environment friendly pest management methods.

चित्र 29. अंगूर में पोषक तत्व, कीट एवं कैनोपी प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी

Fig. 29. Participants of the training programme on 'Nutrient, pests and canopy management in grape'

श्री वी एल वियानारोकुम, एसडीएचओ, बागवानी विभाग, चंपाई, मिजोरम सरकार, ने अंगूर की खेती के लिए मानक पैकेज के पालन के महत्व पर उत्पादकों को संबोधित किया। श्री के ज़ोनुनसांगा, एचईओ, बागवानी विभाग, चंपाई ने कार्यक्रम में मिज़ो भाषा में अनुवाद किया।

इसके अलावा अंगूर उत्पादकों को छंटाई और रासायनों तथा उर्वरकों के अनुप्रयोग पर एक प्रायोगिक प्रदर्शन भी दिया गया था (चित्र 30)।

Mr. VL. Viana Rokhum, SDHO, Department of Horticulture, Govt. of Mizoram, Champhai also addressed the growers on importance of following standard package of practices for grape cultivation. Mr. K. Zonunsanga, HEO, Department of Horticulture, Champhai provided the translation in Mizo language

Besides this the grape growers were given a practical demonstration on pruning and chemicals and fertilizers application (Fig. 30).

चित्र 30. वेंगसांग, चंपाई जिला, मिजोरम में, छंटाई विधि पर प्रदर्शन

Fig. 30. Demonstration on pruning method in Vengsang, Champhai Dist., Mizoram

एससीएसपी

जिला जालना से तीन गाँव अर्थात नंदापुर, कडवंची और तंदुलवाड़ी और अहमदनगर से रंजनखोल को इस कार्यक्रम के तहत सम्मिलित किया गया था। योजना के तहत इन चार स्थानों में कुल 140 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। लाभार्थियों को सब्जियों, गेहूं और प्याज के बीज तथा साथ ही कीटनाशक और उर्वरक वितरित किए गए। कृषि आदानों की ढुलाई और भंडारण की सुविधा के लिए, प्लास्टिक के बक्से और भंडारण संरचनाओं के साथ-साथ व्हील बैरो भी खरीदे गए और लाभार्थियों को वितरित किए गए (चित्र 30)।

अंत में, कडवंची और नंदापुर के किसानों को उचित पौध संरक्षण उपायों को अपनाने के लिए बैटरी संचालित स्प्रे पंप दिए गए। इस अवधि के दौरान लाभार्थियों को कृषि आदानों, उपकरणों और भंडारण संरचनाओं के वितरण के अलावा, लाभार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। विवरण तालिका 25 में दिया गया है।

SCSP

Three villages in district Jalna viz. Nandapur, Kadwanchi and Tandulwadi and Ranjankhol in Ahmednagar were covered under the programme. A total of 140 beneficiaries from these four locations were benefitted under the scheme. Seeds of vegetables, wheat and onion as well as pesticides and fertilizers were distributed to the beneficiaries. To facilitate carrying and storage of agricultural inputs, plastic crates and storage structures as well as wheel barrows were purchased and distributed to beneficiaries (Fig. 30).

Finally, battery operated spray pumps were given to the farmers of Kadwanchi and Nandapur for adopting proper plant protection measures. During the period, apart from distribution of agricultural inputs, implements and storage structures to the beneficiaries, training programme were also organised for the beneficiaries. The details are given in Table 25.

चित्र 31. एससीएसपी के तहत लाभार्थियों को कृषि आदानों, उपकरणों और भंडारण संरचनाओं के वितरण

Fig. 31. Distribution of agricultural inputs, implements and storage structures to the beneficiaries under SCSP

तालिका 25. एससीएसपी के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम

Table 25. Training programmes under SCSP

क्र.स S. No.	विशेषज्ञ Resource person	स्थान Place	दिनांक Date	उद्देश्य Purpose
1	डॉ. रा.गु. सोमकुवर, तथा अन्य स्टाफ Dr. R.G. Somkuwar and other staff members	तंडुलवाड़ी, जालना Tandulwadi, Jalna	10th जून/ June 2020	अंगूरबागों का भ्रमण तथा किसानों से चर्चा Vineyard visit and discussion with the growers
2	डॉ. रा.गु. सोमकुवर Dr. R.G. Somkuwar	रंजनखोल, रहाता, अहमदनगर Ranjankhol, Rahata, Ahmednagar	9th अगस्त/ August 2020	खरीफ फसलों के रोग, कीटों एवं पोषण प्रबंधन पर सलाह Guidance on pests and disease and nutrient management in kharif season crops
3	डॉ. रा.गु. सोमकुवर Dr. R.G. Somkuwar	तंडुलवाड़ी, जालना Tandulwadi, Jalna	5th सितंबर/ September 2020	अंगूर में वितान प्रबंधन तथा खरीफ मौसम में खाद्यान फसलों का प्रबंधन 'Canopy maturity in grapes' and 'Management of Cereal Crops during Kharif Season

प्रौद्योगिकी आंकलन और स्थानांतरण
Technology Assessed and Transferred

भाकृअनुप–राअंअनुकें में प्रक्षेत्र दिवस

संस्थान ने अंगूर उत्पादकों हेतु मांजरी मेडिका और मांजरी श्यामा नाम से विमोचित क़िस्मों को प्रदर्शित करने के लिए 12 फरवरी, 2020 को अंगूर दिवस का आयोजन किया। महाराष्ट्र के विभिन्न अंगूर उगाने वाले क्षेत्रों, सांगली, नासिक, सोलापुर और पुणे के कुल 225 किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रक्षेत्र भ्रमण से हुई, जिसमें उत्पादकों को भूखंडों पर ले जाया गया और किस्मों के विशेष लक्षणों के बारे में बताया गया। इसके बाद अंगूर उत्पादकों के साथ एक पारस्परिक संवाद सत्र का आयोजन किया गया। भाकृअनुप–राअंअनुकें के निदेशक डॉ रा.गु. सोमकुवर ने क़िस्मों के विकास के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने वर्तमान बाजार परिदृश्य में नई जारी किस्मों मांजरी मेडिका और मांजरी श्यामा की संभावनाओं पर भी जोर दिया।

Field Day at ICAR-NRCG

The institute organized Grape day on 12th February, 2020 to showcase the released varieties namely, Manjari Medika and Manjari Shyama to the grape growers. A total of 225 farmers from various grape growing regions of Maharashtra viz, Sangli, Nashik, Solapur and Pune attended the program. The programme started with field visit, wherein growers were taken to the plots and special features of the varieties were explained. This was followed by an interactive session with the grape growers. Dr. R G Somkuwar, Director, ICAR-NRCG briefed regarding the efforts of the Centre in various varietal development program. He also emphasized on prospects of Manjari Shyama and Manjari Medika, newly released varieties, in current market scenario.

श्री सोपान कांचन, श्री सुभाष आर्वे, श्री कैलाश भोसले, श्री प्रकाश बाफना, श्री अरुण मोरे, श्री बोराडे, श्री वासुदेव काटे, श्री टिकेकर, श्री संजय बरगाले, इत्यादि ने पारस्परिक संवाद सत्र में अपने विचार व्यक्त किए तथा मांजरी श्यामा को घरेलू तथा निर्यात बाजार में एवं मांजरी मेडिका की जूस उद्योग तथा प्रसंस्करण क्षमता पर संतुष्टि दिखाई।

रतलाम में प्रक्षेत्र दिवस

17 फरवरी 2020 को रतलाम में किसान प्रक्षेत्र पर बागवानी महाविद्यालय, आरवीएसकेकेवी, मंदसौर, मध्य प्रदेश के सहयोग से एक प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम प्रगतिशील उत्पादक श्री राजेश पटेल के क्षेत्र में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 70 किसानों ने भाग लिया। वैज्ञानिकों और किसानों ने बागों में सुपर सोनाका, नानासाहेब पर्पल सीडलैस, सरिता सीडलैस और 2ए क्लोन किस्मों की वृद्धि का आकलन किया। लंबे समय तक तथा भारी बारिश के कारण बागों में भारी नुकसान देखा गया। सुपर सोनाका में कोई फल नहीं था, जबकि नानासाहेब पर्पल सीडलैस और सरिता सीडलैस में फलदायकता कम थी। 2ए क्लोन का प्रदर्शन अन्य दोनों किस्मों की तुलना में बेहतर था। कुल मिलाकर उचित पोषक तत्व प्रबंधन और वितान प्रबंधन में कमी देखी गई। उपज तथा गुणवत्ता वाले अंगूर उत्पादन हेतु अंगूर उत्पादकों को पोषक तत्व प्रबंधन रणनीति तैयार करने के लिए पर्णवृन्त, मृदा और जल के परीक्षण की सलाह दी गई।

इस अवसर पर डॉ एम. पी. जैन (अनुसंधान निदेशक, राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर), डॉ एस. एन. मिश्रा (अधिष्ठाता, बागवानी महाविद्यालय, मंदसौर), डॉ रा. गु. सोमकुवर (निदेशक, भाकृअनुप–राअंअनुकें) और डॉ अ. कु. उपाध्याय (प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप–राअंअनुकें) ने किसानों को संबोधित किया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. रोशनी समर्थ ने किया। प्रक्षेत्र दिवस के दौरान निम्नलिखित बिंदुओं पर जोर दिया गया।

1. अंगूर की खेती के लिए मालवा क्षेत्र की क्षमता
2. क्षेत्र विशिष्ट हेतु अंगूर किस्मों का चयन
3. सस्य क्रियाओं के पैकेज में बदलाव
4. पोषक तत्वों और सिंचाई जल प्रबंधन के लिए पर्णवृन्त, मृदा और जल की गुणवत्ता के विश्लेषण का उपयोग।

Shri. Sopan Kanchan, Shri. Subhash Arve, Shri Kailash Bhosale, Shri. Prakash Bafna, Shri. Arun More, Mr. Borade, Shri. Vasudev Kate, Shri. Tikekar, Shri Sanjay Bargale, etc. expressed their views and satisfaction about the potential of Manjari Shyama for domestic and export market and Manjari Medika for juice or processing industry.

Field Day at Ratlam

A 'Field Day' in farmer's field was organized on 17th February 2020 at Ratlam in collaboration with College of Horticulture, RVSKVV, Mandsaur, Madhya Pradesh. It was organized in the field of Mr. Rajesh Patel, a progressive grower. Around 70 farmers participated in this program. The scientists and the farmers first visited the vineyards and assessed the growth of varieties viz. Super Sonaka, Nanasaheb Purple Seedless, Sarita Seedless and 2A Clone. Heavy losses were observed during the season due to extended and heavy rains. No fruitfulness was observed in Super Sonaka, whereas less fruitfulness was there in Nanasaheb Purple Seedless and Sarita Seedless. The performance of 2A Clone was better than other two varieties. Overall lack of proper nutrient management and difficulty in canopy management was observed. The grape growers were advised to go for petiole, soil and water testing for formulating the nutrient management strategies for yield and quality grape production.

On the occasion, Dr. M.P. Jain (Director of Research, Rajmata Vijayaraje Scindia Agricultural University, Gwalior), Dr. S.N. Mishra (Dean, College of Horticulture, Mandsaur), Dr. R.G. Somkuwar (Director, ICAR-NRCG) and Dr. A.K. Upadhyay (Principal Scientist, ICAR-NRCG) addressed the farmers. The programme was coordinated by Dr. Roshni Samarth. Emphasis was given on the following points during the field day.

1. Potential of Malwa region for grape cultivation
2. Selection of region specific grape varieties
3. Modification in package of practices
4. Use of petiole, soil and water quality analysis for nutrient and irrigation water management.

इंदापुर में प्रक्षेत्र दिवस

मराद्राबासं के सहयोग से केंद्र ने श्री गरदकर, वादापुरी, इंदापुर के समीप, के फार्म पर 6 मार्च 2020 को अंगूर दिवस का आयोजन किया। अंगूर दिवस में लगभग 250 किसानों ने भाग लिया।

चर्चा के दौरान, डॉ रा.गु. सोमकुवर, निदेशक ने केंद्र की प्रमुख उपलब्धियों और नई पहलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गुणवत्ता वाले अंगूरों के उत्पादन हेतु अच्छी कृषि क्रियाओं का पालन करने के महत्व पर भी जोर दिया। डॉ स.द. रामटेके ने अंगूर के विकारों और पादप वृद्धि नियामकों के उपयोग पर अंगूर उत्पादकों का मार्गदर्शन किया। डॉ दी.सिं. यादव ने फ्रूट फ्लाई और कैटरपिलर प्रबंधन के बारे में जानकारी दी जिसमें ट्रैप और जैवनियंत्रक कर्मक प्रमुख थे। डॉ सुजॉय साहा ने रोगों के जैव–गहन प्रबंधन और अनावश्यक छिड़कावों से बचने पर सलाह दी। डॉ अ.कु. उपाध्याय ने सिंचाई जल उपयोग दक्षता बढ़ाने तथा लवणीय मिट्टी के प्रबंधन हेतु उचित क्रियाओं पर विस्तार से बताया। डॉ अनुराधा उपाध्याय ने केंद्र में चल रहे किस्म विकास कार्यक्रमों और मांजरी श्यामा के विविध गुणों के बारे में जानकारी दी।

श्री राजेंद्र पवार, अध्यक्ष, मराद्राबासं ने मराद्राबासं द्वारा किए जाने वाले प्रसार कार्य पर जोर दिया। उन्होंने केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे शोध की सराहना की।

डॉ एस.एस. मगर, पूर्व कुलपति, डॉ बीएसकेकेवी, दापोली ने भाकृअनुप–राअंअनुकें की स्थापना का ऐतिहासिक विवरण दिया और अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। श्री राजेंद्र वाघमोडे ने अपने भाषण में उत्पादकों को भाकृअनुप–राअंअनुकें के साथ जुड़े रहने का अनुरोध किया।

मांजरी मेडिका दिवस

मांजरी मेडिका, केंद्र से जारी की गई यह किस्म जूस के लिए उपयुक्त है। इस किस्म में उच्च पोषक–औषधीय गुण हैं। केंद्र इस किस्म के विस्तार हेतु कदम उठा रहा है। केंद्र की पहल पर, श्री सुभाष ताते, शेल्वे गाँव (तहसील–पंढरपुर) ने 2019 के दौरान 0.4 एकड़ क्षेत्र में डॉगरिज मूलवृंत पर कलमित मांजरी मेडिका किस्म लगाई। मार्च, 2020 में लतायें समान गुच्छा आकार के साथ पूर्ण फलन में थीं। इस किस्म के प्रदर्शन को दिखाने हेतु, केंद्र ने 09/03/2020 को इस प्रक्षेत्र में अंगूर दिवस का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मराद्राबासं, सोलापुर क्षेत्र के सहयोग से आयोजित किया गया था। डॉ एस.एस. मगर, पूर्व कुलपति, डॉ बालासाहेब सावंत कोंकण कृषि विद्यापीठ,

Grape Day at Indapur

The Centre in collaboration with MRDBS organized Grape Day at the farm of Sh. Garadkar, Vadapuri near Indapur on 6th March 2020. About 250 farmers participated in the Grape Day.

During the discussion, Dr. R.G. Somkuwar, Director informed about major achievements of the Centre and new initiatives. He also emphasized on importance of good agricultural practices for the production of quality grapes. Dr. S.D. Ramteke guided growers on grapevine disorders and use of plant growth regulators. Dr. D.S. Yadav explained about fruit fly and caterpillar management with emphasis on traps and biocontrol agents. Dr. Sujoy Saha, guided on bio-intensive management of diseases and avoiding unnecessary sprays. Dr. A.K. Upadhyay, elaborated on best practices to increase water use efficiency and management of saline soils. Dr. Anuradha Upadhyay informed about ongoing varietal development programme of the Centre and qualities of Manjari Shyama.

Mr. Rajendra Pawar, President, MRDBS stressed on the extension work to be carried out by MRBBS. He appreciated the research being done by the Centre.

Dr. S.S. Magar, Former Vice Chancellor, Dr. BSKKV, Dapoli gave historical account of establishment of ICAR-NRCG and appreciated the work done so far. Mr. Rajendra Waghmode in his speech requested the growers to be associated with ICAR-NRCG.

Manjari Medika Day

Manjari Medika, a released variety from the Centre is suitable for juice purpose. This variety has high nutraceutical properties. Centre is taking steps to promote the variety. Based upon the Centre's initiative, Mr. Subhash Tate from Shelve village (Tal-Pandharpur) planted Manjari Medika grafted on Dogridge rootstock in 0.4 acre area during 2019. In March, 2020, the vines were in full bearing stage with uniform bunch size. To showcase the performance of this variety, the centre organized grape day at his farm on 09/03/2020. This program was organized in collaboration with MRDBS, Solapur region. Dr. S.S. Magar, Ex-Vice Chancellor,

दापोली इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में लगभग 80 किसानों ने भाग लिया।

अंगूर उत्पादकों ने मांजरी मेडिका भूखंड का दौरा किया और इसके प्रदर्शन का अवलोकन किया। क्षेत्र दौरे के बाद, डॉ अ.कु. शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक (बागवानी विज्ञान) ने किसानों को संबोधित किया और उन्हें इस किस्म के विशेष लक्षणों, रस उद्देश्य और उच्च प्रतिफल के लिए 'शून्य अपशिष्ट प्रसंस्करण' के बारे में अवगत कराया। उन्होंने ब्रांड वैल्यू विकसित करने पर प्रकाश डाला और मांजरी मेडिका आधारित प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए केंद्र में कृषि–व्यवसाय उद्भवन केंद्र में शामिल होने का आह्वान किया।

डॉ एस.एस. मगर, मुख्य अतिथि, ने कृषि में जल का महत्व बताया और अंगूर उत्पादकों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया। श्री शिवाजी पवार, मराद्राबासं, पुणे के उपाध्यक्ष, ने अंगूर उद्योग की बेहतरी के लिए केंद्र द्वारा की जा रही पहल और इस किस्म की क्षमता की सराहना की।

डॉ रा.गु. सोमकुवर, निदेशक, भाकृअनुप–राअंअनुकें, पुणे ने 'मांजरी मेडिका' हेतु उत्पादन क्रियाओं पर जानकारी दी। उन्होंने 'शून्य अपशिष्ट प्रसंस्करण' अवधारणा के माध्यम से किसानों की आय को दोगुना करने पर जोर दिया। उन्होंने उत्पादकों को बेहतर गुणवत्ता वाली किशमिश प्राप्त करने के लिए पीजीआर के अनुप्रयोग को कम करने की सलाह दी। श्री सुभाष ताटे ने अपने धन्यवाद प्रस्ताव में केंद्र के साथ अपनी पारस्परिक संवाद और पिछले दो वर्षों के दौरान मिले समर्थन के बारे में संतोष व्यक्त किया।

Dr.Balasaheb Sawant Konkan Krishi Vidyapeeth, Dapoli was the Chief Guest for the program. Approximately 80 farmers attended the program.

The grape growers visited Manjari Medika plot and observed its performance. After the field visit, Dr. A.K. Sharma, Principal Scientist (Hort. Sci.) addressed the farmers and appraised them about the main features of this variety, namely, juice purpose and 'Zero waste processing' for higher returns. He highlighted on developing brand value and called for joining Agri-Business Incubation Centre at the Centre to adopt Manjari Medika based technologies.

Dr. S.S. Magar, Chief Guest, stated the importance of water in agriculture and shared his experience with grape growers. Mr. Shivaji Pawar, Vice President, MRDBS, Pune appreciated the initiatives being taken by the Centre for betterment of grape industry and subsequently the potential of this variety.

Dr. R.G. Somkuwar, Director, ICAR-NRC for Grapes, Pune updated on practices for growing 'Manjari Medika'. He stressed on doubling the farmers income through 'Zero waste processing' concept. He advised the growers to minimize the use of PGR for obtaining better quality raisin. Mr. Subhash Tate in his vote of thanks, expressed satisfaction about his interaction with the Centre and the support received during the last two years.

अंगूर किसानों पर कोविड–19 लॉकडाउन के प्रभाव को कम करने के लिए केंद्र की पहल

महाराष्ट्र और कर्नाटक (देश के प्रमुख अंगूर उत्पादक क्षेत्र) में, अंगूर की तुड़ाई जनवरी–अप्रैल के दौरान होती है। लॉकडाउन से पहले, किसानों को निर्यात के उद्देश्य से 50 रुपये से 95 रुपये

Centre's initiatives to minimize impact of COVID19 lockdown on grape farmers

In Maharashtra and Karnataka (major grape growing regions of country), grape harvesting takes place during January-April. Before lockdown, farmers were realizing Rs 50 to Rs 95 per kg for export

प्रति किलो अंगूर और घरेलू बाजार में 50 रुपये प्रति किलो अंगूर के दाम मिल रहे थे। मराद्राबासं के प्रतिनिधियों और किसानों द्वारा उपलब्ध कराए गए अनुमानों के अनुसार, लॉकडाउन के समय यानि कि 22 मार्च तक, लगभग 70–75% फसल की ही तुड़ाई हुई थी और शेष 25–30% फसल अभी भी पकने के अंतिम चरण में थी। महाराष्ट्र राज्य के अंगूर बागों में लगभग 9 लाख टन अंगूर थे, अकेले नासिक में लगभग 4.0 से 4.5 लाख टन अंगूर थे। लॉकडाउन के प्रभाव इस प्रकार थे:

1. निर्यात बाजार: निर्यात उद्देश्य के लिए अवशेष परीक्षण में शामिल नामित प्रयोगशालाओं के कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। परिणामस्वरूप, यूरोपीय संघ को अंगूर निर्यात करने के लिए अंगूर निर्यातक अनिवार्य कीटनाशक परीक्षण रिपोर्ट प्राप्त नहीं कर सके, इस प्रकार निर्यात पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा।
2. लॉकडाउन के चलते उत्पाद की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी। तालाबंदी की घोषणा से ठीक पहले तोड़े गए उत्पाद को थोक बाजार में नहीं ले जाया जा सका। यह स्थिति उत्पादक के समझ से परे थी और उनमें से कुछ ने 7–10 रुपये प्रति किलोग्राम से भी कम कीमत पर उत्पाद बेचा था। यह उनकी उत्पादन लागत को भी पूरा नहीं कर सका।
3. मजदूरों के अपने मूल स्थान को जाने के कारण मजदूर उपलब्ध नहीं थे, अत: पर्याप्त जन–बल न होने के कारण किसान अपनी फसल की तुड़ाई नहीं कर सके।
4. आधारीय छंटाई मौसम के दौरान मार्गदर्शन में परेशानी

लॉकडाउन के दौरान, भाकृअनुप–राअंअनुकें ने इस मुद्दे को अभिग्रहित किया और तुरंत किसानों के दुख को कम करने के प्रयास किए गए। किसानों तक पहुंचने के लिए कई रणनीतियां अपनाईं। ये उपाय इस प्रकार थे:

1. अंगूर निर्यात की सुविधा के लिए, केंद्र ने कृषि आयुक्त, महाराष्ट्र सरकार को सिफारिश पत्र लिखा जिससे कीटनाशक अवशेषों के परीक्षण को आवश्यक सेवाओं के तहत शामिल करने की सुविधा हुई और कुछ प्रयोगशालाओं जैसे एनएचआरडीएफ (नासिक), जियोकेम (मुंबई) को कम से कम आवश्यक कर्मचारियों का उपयोग करके ग्रेपनेट के तहत किसानों और निर्यातकों को अवशेष परीक्षण की सहायता प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया गया। इसके कारण अन्य प्रयोगशालाओं जैसे हैदराबाद में भी अवशेष परीक्षण शुरू हो सका। सरकार द्वारा आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने के बाद अंगूर का निर्यात फिर से शुरू किया गया।

purpose and Rs 50 per kg grapes in domestic market. As per the estimates provided by MRDBS representatives and farmers, at the time of lock down i.e. 22nd March onwards, about 70-75% crop was harvested and 25-30% crop was still at late stages of ripening. About 9 lakh tonnes of grapes were in vineyards of Maharashtra state, with about 4.0 to 4.5 lakhs tonnes in Nashik alone. The impact of lockdown were as follows:

1. Export market: The functioning of the nominated laboratories involved in residue testing for export purpose was adversely affected. As a result, grape exporters could not obtain mandatory pesticide test report for exporting grape to EU thus adversely affected the export.
2. Due to the lockdown, there was restriction in the movement of produce. The produce harvested just before the announcement of lockdown could not be transported to wholesale market. The growers became clueless and some of them sold produce for as less as Rs 7-10 per kg. This even couldnot meet their production cost.
3. Labours were not available due to their migration to native place, hence, the farmers could not harvest their produce as sufficient manpower was not available.
4. Problem in guiding during foundation pruning season

During lockdown, ICAR-NRCG was seized of this issue and took efforts to reduce the misery of the farmers. It adopted multiple strategies to reach the farmers. These measures were as follows:

1. To facilitate the grape export, the Centre issued recommendation letter to Agriculture Commissioner, Govt. of Maharashtra which facilitated inclusion of pesticide residue testing under essential services and convinced few laboratories, e.g. NHRDF (Nashik), Geochem (Mumbai) to provide residue testing support to farmers and exporters under Grapenet using a minimum number of essential staffs. This led to other laboratories e.g. in Hyderabad to also undertake residue testing. The grape export was then resumed after issuance of necessary guidelines by the government.

नासिक, पुणे, मुंबई और हैदराबाद में स्थित सभी नामांकित प्रयोगशालाओं द्वारा लॉकडाउन अवधि के दौरान अंगूर के कुल 565 नमूनों का परीक्षण किया गया। इसने लॉकडाउन अवधि के दौरान यूरोपीय संघ के देशों को 113 कंटेनर (1 कंटेनर = लगभग 15–18 टन) के निर्यात की सुविधा प्रदान की। लगभग 1695 टन यूरोपीय संघ को निर्यात किया गया। अंगूर के कुछ कंटेनर रूस भी भेजे गए थे। चूंकि यह ग्रेपनेट के दायरे से बाहर है, इसलिए सटीक मात्रा की जानकारी नहीं है।

